12 छत्तीसगढ़ में पहली बार बनेगा छह शहरों का...





14 मितानिन का जिला स्तरीय धरना आंगनबाड़ी...














# ट्रिपल मर्डर के बाद आरोपियों ने हंसते हुए ली सेल्फी तीनों मृतक रिश्ते में भाई, इनमें एक था सिविल इंजीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले में ट्रिपल मर्डर की घटना से पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया है। एक ढाबा में खाना खाने के दौरान हुए विवाद पर तीन युवकों की चाकू से गोद-गोदकर बेहरमी से हत्या कर दी गई। इस घटना को अंजाम देने वाले 8 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, लेकिन ट्रिपल मर्डर करने के बाद भी आरोपियों में पुलिस और जेल जाने का खौफ नहीं है। आरोपियों ने इस ट्रिपल मर्डर को अपनी जीत मानते हुए विक्ट्री साइन दिखाते हुए सेल्फी भी ली है। इस तरह आरोपी मर्डर करने के बाद एक प्रकार से पुलिस विभाग का मखौल भी उड़ा रहे हैं। इधर जिन तीन युवकों का मर्डर हुआ, वे तीनों रिश्ते में भाई लगते थे। इनमें दो युवक संतोषीनगर क्षेत्र के सुमीत नगर में तथा एक सेजबहार में रहता था।

## मृतकों के शव घर पहुंचते ही परिजन सहित रिश्तेदारों का रो-रोकर हुआ बुरा हाल

वारदात के बाद मंगलवार को मृतक निखिल तांडी 34 वर्ष एवं सुरेश हीयाल 32 वर्ष निवासी सुमीत नगर तथा आलोक ठाकुर 28 वर्ष सेजबहार के शव धमतरी में पोस्टमार्टम कराने के बाद वैन से रायपुर लाए गए। इन तीनों के शव जैसे ही उनके घर पहुंचे, उन्हें देखकर उनके परिजन, रिश्तेदारों का रो-रोकर हाल बुरा हो गया। निखिल एवं सुरेश की मां और बहन दोनों शव को देखकर बेहोश हो गईं। इधर आलोक का शव देखकर उसकी मां भी रो-रोकर बेहोशी की हालत में पहुंच गई।



**मारवाड़ी श्मशानघाट में एक साथ तीनों का अंतिम संस्कार**

तीनों मृतकों का अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशानघाट में एक साथ किया गया। आलोक सेजबहार में रहता था, लेकिन परिजनों ने उसके शव का अंतिम संस्कार भी सुरेश एवं नितिन के साथ मारवाड़ी श्मशानघाट में ही किया। आलोक के रिश्तेदारों ने बताया कि उनके पिता का अंतिम संस्कार भी यहीं हुआ था, इसलिए बेटे का भी यहीं अंतिम संस्कार किया। अंतिम संस्कार कार्यक्रम में रिश्तेदारों के साथ मोहल्ले में रहने वाले भी बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

## डेढ़ माह पूर्व ही नए घर में शिफ्ट हुआ था आलोक

मृतक अज्जू उर्फ आलोक ठाकुर के बारे में कचना निवासी संदीप सोनी ने बताया कि अज्जू उसकी मौसी का लड़का था। वह सिविल इंजीनियर था तथा हाल ही में वह रायगढ़ जिले में किसी प्रोजेक्ट पर काम भी कर रहा था। संदीप ने बताया कि अज्जू बहुत ही सीधा-सादा होने के साथ हंसमुख तथा मेहनती था। वह पहले संतोषीनगर क्षेत्र में रहता था। करीब डेढ़ माह पूर्व रथयात्रा के दिन सेजबहार में बने नए घर में शिफ्ट हुआ था। वह अपनी मां और छोटी बहन के साथ रहता था। उसके पिता की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। उसकी एक बड़ी बहन है जो विवाहित है तथा उसके सेजबहार घर के बगल पर ही उसका भी घर है। बताया जा रहा है कि नया घर लेने के बाद उसके विवाह को लेकर भी घर पर चर्चा चल रही थी, लेकिन इससे पहले ही उसकी हत्या कर दी गई।

### आखिरी कॉल आया खाना खाकर लौटेंगे

राकेश ने नम आंखों से बताया कि वारदात के पहले नितिन का रात करीब 10 बजे घर के मोबाइल पर फोन आया था कि वे सभी ढाबा में खाना खाने रुके हैं। खाना खाने के बाद सभी वापस घर के लिए निकलेंगे। घर वालों को चिंता नहीं हो, सोचकर उसने इसकी जानकारी दी थी, लेकिन क्या पता था कि ढाबा में खाना खाने के लिए रुकना उनकी मौत की वजह बन जाएगा।

### नितिन और सुरेश दोनों थे विवाहित, दोनों के बच्चे भी हैं

नितिन और सुरेश दोनों की मां आपस में सगी बहनें हैं। नितिन और सुरेश दोनों विवाहित थे। नितिन के दो बच्चे 6 साल की लड़की एवं 4 साल का लड़का है, वहीं सुरेश की 2 साल की एक लड़की है। दोनों भाई और मां का घर अगल-बगल में है। नितिन के बड़े भाई राकेश तांडी ने बताया कि नितिन ड्राइविंग का काम करता था तथा सुरेश कार मेकैनिक था।

### आरोपियों को फांसी की सजा होनी चाहिए

ट्रिपल मर्डर करने के बाद भी आरोपियों ने जिस तरह से कार में बैठकर विक्ट्री साइन दिखाते हुए सेल्फी ली है, उसे देखने के बाद मृतकों के परिजन एवं रिश्तेदारों से लेकर मोहल्ले वालों में भी भारी आक्रोश देखा गया। हरिभूमि से बातचीत करते हुए कई लोगों ने कहा, बेगुनाह युवकों को जिस बेहरमी से मारा है, ऐसे आरोपियों को फांसी की सजा होनी चाहिए, ताकि किसी और बेगुनाह या आम आदमी की जान न जाए।


B.M. COLLEGE
BCA BBA
PGDCA B.Ed.
आई.टी.आई.
▸ कोपा ▸ इलेक्ट्रिशियन
▸ हेल्थ सैनेटरी इंस्पेक्टर
▸ डीजल मैकेनिक
▸ फायर टेक्नालॉजी
▸ स्टेनो हिन्दी
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


## खबर संक्षेप

### कमीशन लेकर अवैध शराब बेचने वाला गिरफ्तार

**रायपुर।** कमीशन लेकर अवैध रूप से शराब बेचने वाले एक आरोपी को आमानाका पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने 6 जुलाई की दरमियानी रात को क्रेटा एवं स्विफ्ट डिजायर कार पकड़ी थी, जिसमें अवैध रूप से 17 लाख कीमत की शराब तस्करी कर ले जा रहे थे। इस मामले में पुलिस ने कार सवार पांच आरोपियों को भी गिरफ्तार किया था। अपराध दर्ज कर पुलिस जांच कर रही थी। जांच के दौरान पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली थी कि गिरफ्तार किए गए आरोपियों को शराब लांजी मध्यप्रदेश निवासी सुनील लिलहरे से मिली थी। इसके आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में सुनील ने पुलिस को बताया कि कमीशन के लिए अंग्रेजी शराब आरोपियों को उपलब्ध कराई थी।

### जमीन बंटवारे के विवाद पर मारपीट

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने जमीन बंटवारे के विवाद पर मारपीट करने के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। प्रार्थी गोवर्धन यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी सौरभ एवं गौतम यादव ने जमीन बंटवारा को लेकर विवाद किया। इसके बाद दोनों ने मिलकर उसके साथ हाथ-मुक्का से मारपीट की, जिससे उसे चोट आई है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

## बिना अनुमति जेल में जबरन घुसने के मामले में शोएब गिरफ्तार, जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

बहुचर्चित शराब घोटाला मामले में लंबे समय से जेल में बंद अनवर ढेबर के बेटे शोएब ढेबर को भी पुलिस ने मंगलवार को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। पुलिस ने शोएब को बिना अनुमति के जेल में दाखिल होने एवं शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में गिरफ्तार किया है। प्रहरी को धौंस दिखाकर जबरन घुसा था जेल के अंदर- शोएब ढेबर 4 अगस्त को केंद्रीय जेल रायपुर में बंद अपने पिता अनवर से मुलाकात करने बिना अनुमति के जेल में प्रवेश किया था। यह मामला सोशल मीडिया में भी वायरल हुआ था। इस घटना के बाद जेल प्रशासन की सुरक्षा पर भी सवाल उठने लगे थे। इस मामले में जेल प्रशासन की ओर से गंज थाना में सूचना देकर रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। इस रिपोर्ट में कहा गया है कि



शोएब ने जेल प्रहरी को धौंस दिखाकर जेल में प्रवेश किया था। वह अपने पिता अनवर ढेबर से मिलने जबरन मुलाकात कक्ष में दाखिल हुआ था। इस तरह शोएब ने बिना अनुमति और शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने का अपराध किया है। पुलिस ने इस मामले में शोएब के विरुद्ध धारा 296, 329, 211 बी.एन.एस. के तहत अपराध दर्ज कर कोर्ट में पेश किया, जिसके बाद उसे जेल दाखिल किया।

**कोतवाली पुलिस ने अलग कार्रवाई करते हुए युवती सहित तीन पैडलरों को किया गिरफ्तार**

## ड्रग कनेक्शन से जुड़े आठ पैडलर मिले नया रैकेट भी फूटा, अब तक 19 गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पाकिस्तान से जुड़े ड्रग रैकेट के तार शहर के कई इलाकों तक फैल चुके हैं। पूर्व में गिरफ्तार 11 ड्रग तस्कर तथा पैडलरों की निशानदेही तथा उनके मोबाइल में मिले साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने आठ और ड्रग पैडलरों को गिरफ्तार किया है। इसी तरह एक अन्य मामले में कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवती सहित तीन ड्रग पैडलरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह ग्राम से ज्यादा हेरोइन जब्त की है। यह दूसरा रैकेट है। पुलिस ने पाकिस्तान से जुड़े ड्रग तस्करी मामले में अब तक 19 ड्रग तस्कर के साथ पैडलरों को गिरफ्तार किया है।



एसएसपी डॉ. लाल उमेद सिंह ने खुलासा करते हुए बताया कि ड्रग सेवन करने के साथ ही ड्रग बेचने के आरोप में टिकरापारा, ताजनगर निवासी मुजम्मिल खान उर्फ बाबा, राजेंद्र नगर निवासी छत्रपति अम्भोरे उर्फ दद्दु, मूलतः बिहार, दरभंगा निवासी रितुराज ठाकुर, टिकरापारा ⏭ शेष पेज 13 पर

### कई लोगों के इंटरनेशनल कनेक्शन

सवालों का जवाब देते हुए एसएसपी ने बताया है कि ड्रग तस्करी मामले में और लोगों की गिरफ्तारी की जाएगी। अफसर के अनुसार आरोपियों के जब्त मोबाइल का डेटा एनालिसिस किया जा रहा है। विवेचना में जिन लोगों के खिलाफ पुख्ता साक्ष्य मिल रहे हैं, उन लोगों को गिरफ्तार किया जा रहा है। अफसर के अनुसार जब्त मोबाइल में इंटर स्टेट कनेक्शन मिलने के साथ ही कई और लोगों के इंटरनेशनल कनेक्शन मिले हैं। अफसर ने जांच के बाद उन लोगों पर शिकंजा कसने की बात कही।

### कोतवाली पुलिस ने तीन ड्रग पैडलरों को दबोचा

एक अन्य मामले में कोतवाली पुलिस ने तीन ड्रग पैडलर टिकरापारा निवासी मोहम्मद जाहिद, साहिल रजा तथा चांदनी चौक निवासी आफजिया अख्तर उर्फ मेहक को गिरफ्तार किया है। मेहक का नाम पूर्व में भी ड्रग तस्करी में आ चुका है, लेकिन पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं की थी। पुलिस ने तीनों को नेहरू नगर, बूढ़ातालाब कंटेनर के पास से सोमवार को गिरफ्तार किया है। तीनों कहां से ड्रग लाकर बेचने के साथ इस्तेमाल करते थे, पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात पुलिस ने कही।

## एमसीएक्स कारोबार के नुकसान से उबरने गढ़ी 15 लाख लूट की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

पंडरी थाना क्षेत्र में कारोबारी पर कट्टा तथा चाकू टिकाकर लूट की शिकायत फर्जी साबित हुई। कमोडिटी एक्सचेंज के कारोबार में डेढ़ करोड़ रुपए से ज्यादा का नुकसान होने पर कारोबारी ने लूट की कहानी गढ़ी। फर्जी लूट का पर्दाफाश कारोबारी के घर से घटनास्थल जाने वले मार्ग पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल के बाद हुआ। कारोबारी के खिलाफ पुलिस ने फर्जी लूट की शिकायत करने पर एफआईआर दर्ज की है।

विधानसभा वालफोर्ट निवासी कारोबारी चिराग जैन ने सोमवार को लूट की शिकायत दर्ज कराई थी। कारोबारी ने पुलिस को बताया था कि कांपा रेलवे क्रासिंग के पास बगैर नंबर प्लेट की बाइक पर सवार होकर तीन लड़के उसकी कार के पास पहुंचे। बाइक से दो लड़के उतरे और कार के अंदर



सवार होकर उसके गले में चाकू तथा कट्टा टिकाकर कांपा रेलवे यार्ड की तरफ ले जाकर सूनसान इलाके में लूट की।

### सीसीटीवी से खुली फर्जी लूट

*पुलिस के अनुसार चिराग ने पुलिस को लूट होने के पहले जिस रास्ते से अपने ऑफिस जाने के लिए निकलने की जानकारी दी थी, उन सभी जगहों पर लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल की गई। पड़ताल में चिराग की कार तो दिख रही थी, लेकिन कार के आगे-पीछे किसी तरह की कोई संदिग्ध बाइक नहीं दिखी। इसके बाद पुलिस ने चिराग से सख्ती के साथ पूछताछ की, तो वह अपने झूठ पर ज्यादा देर कायम नहीं रह पाया और पुलिस को सच्चाई बताने मजबूर हुआ।*

### ओडिशा के कारोबारियों की रकम

पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक चिराग जैन को कारोबारियों ने व्यापारिक लेन-देन की रकम ओडिशा के करोबारियों को देने के लिए दिए थे। रकम देख चिराग की नीयत बदल गई और उसने एमसीएक्स कारोबार के घाटा से उबरने फर्जी लूट की कहानी गढ़ी। लूट होने पर कारोबारी को पैसा नहीं देना पड़ता। पुलिस के अनुसार कारोबारी ने अपने परिजनों को एमसीएक्स में हुए नुकसान की जानकारी नहीं दी थी।

**दवा की कीमतों में पारदर्शिता लाने एनपीपीए ने लांच किया मोबाइल ऐप**

## 'फार्मा सही दाम' अब मोबाइल एप बताएगा दवाओं का सही दाम, दुकानदार नहीं वसूल पाएंगे ज्यादा पैसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

मेडिकल स्टोर्स वाले अब किसी दवा की ज्यादा कीमत नहीं वसूल पाएंगे। आम उपभोक्ता भी मोबाइल ऐप की मदद से संबंधित दवाओं की शासन ने तय कीमत का पता लगा सकेंगे। राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण द्वारा दवा की कीमतों में पारदर्शिता लाने फार्मा सही दाम नामक मोबाइल ऐप लांच किया है, जिसके माध्यम से विभिन्न दवाओं की वास्तविक कीमत का पता लगाया जा सकेगा।




नियम के मुताबिक कोई भी दवा व्यापारी दवाओं की एमआरपी से ज्यादा राशि उपभोक्ता से नहीं ले सकता। ऐसा करने वालों के खिलाफ ड्रग एक्ट के तहत कार्रवाई की जाती है। दवाओं की वास्तविक कीमत के बारे में आम लोगों को जानकारी देने और इस व्यापार में पारदर्शिता लाने के लिए एनपीपीए द्वारा फार्मा सही दाम नामक मोबाइल ऐप लांच किया गया है। आम उपभोक्ता भी इसे डाउनलोड कर अपनी जरूरी दवाओं की कीमत का पता लगाकर उसकी खरीदी कर सकता है। इस मोबाइल ऐप में दवा उपयोगकर्ताओं के लिए दवा का सही मूल्य जानने की सुविधा, दवाओं के विकल्पों की जानकारी, दवा का ⏭ शेष पेज 13 पर

### दवा कारोबारी भी कर सकते हैं उपयोग

आम लोगों के साथ दवा विक्रेता भी इस ऐप के माध्यम से औषधि नियमों के बारे में जानकारी एकत्रित कर सकते हैं। इसमें दवा विक्रेताओं के लिए निर्धारित मूल्य से अधिक दर वसूलने पर कानूनी कार्रवाई से बचाव, मूल्य एवं उपलब्धता की अद्यतन जानकारी तथा ग्राहकों को सही मूल्य पर दवा उपलब्ध कराने की जानकारी शामिल है। यह हिंदी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में उपलब्ध है। ⏭ शेष पेज 13 पर

### दवाओं की प्रमाणिकता जांच क्यूआर कोड

कुछ साल पहले दवाओं की प्रमाणिकता की जांच के लिए प्रथम पैकेजिंग लेबल पर क्यूआर कोड का सिस्टम लांच किया गया था। इसमें आम लोगों को दवाओं की वास्तविकता पता लगाने के लिए जागरूक करने का प्रयास भी किया गया था। क्यूआर कोड स्कैनर सिस्टम का उपयोग करने पर दवा के उत्पादन, उसमें मौजूद फार्मूला और मात्रा के साथ अन्य तरह की अतिरिक्त जानकारी उपलब्ध होती थी। हालांकि इस सुविधा का ज्यादा उपयोग नहीं हो पाया क्योंकि किसी दवा की खरीदी के पहले उसके बार को कोड को स्कैन करन की प्रक्रिया काफी लंबी थी।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# किरण देव की नई कार्यकारिणी में 15 अगस्त के बाद बदलेंगे दो दर्जन से ज्यादा चेहरे

## अब 15 अगस्त के बाद ही ऐलान की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव की नई कार्यकारिणी का ऐलान अब तक नहीं हो सका है। पहले इसके 10 अगस्त तक घोषित होने की संभावना थी, लेकिन भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के कारण अब नई कार्यकारिणी का ऐलान 15 अगस्त के बाद ही संभव होगा। यह बात तय है कि नई कार्यकारिणी में दो दर्जन से ज्यादा चेहरे बदलेंगे। पुरानी कार्यकारिणी के 22 पदाधिकारियों को जहां निगम, मंडल, आयोग में स्थान मिला है, वहीं दो पदाधिकारी महापौर भी बन गए हैं। इसी के साथ सभी मोर्चा में भी नए चेहरों को जिम्मा दिया जाना तय है। भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष बने किरण देव को सात माह हो गए हैं, लेकिन अब तक प्रदेश की कार्यकारिणी नहीं बन सकी है। किरण देव ने पहले कहा था, मंडलों के बाद जिलों की कार्यकारिणी तय होने के बाद प्रदेश की कार्यकारिणी बनेगी। मंडलों की कार्यकारिणी तो बन गई है, इसी के साथ करीब एक दर्जन जिलों की कार्यकारिणी का भी ऐलान हो चुका है। अब किरण देव की कार्यकारिणी को लेकर यह बात सामने आ रही है कि उनकी कार्यकारिणी का ऐलान 15 अगस्त के बाद कभी भी हो सकता है।

**राष्ट्रीय संगठन से मिल चुका है अनुमोदन :** दिल्ली में इस माह के पहले ही दिन भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं के साथ प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय की प्रदेश संगठन को लेकर बड़ी बैठक हुई थी। इसमें मुख्य रूप से प्रदेश संगठन के महामंत्रियों को लेकर मंथन किया गया। जानकारों का कहना है कि एससी वर्ग से पूर्व विधायक नवीन मार्कंडेय और ओबीसी वर्ग से सरगुजा संभाग के अखिलेश सोनी का नाम लगभग फाइनल हो गया है। तीसरा नाम अभी फाइनल नहीं है। वैसे सामान्य वर्ग से भी दो नाम एक राजनांदगांव के पूर्व सांसद अभिषेक सिंह और एक बिलासपुर संभाग के रजनीश सिंह का लिया जा रहा है।



### इन पदाधिकारियों के स्थान पर आएंगे नए चेहरे

*प्रदेश की नई कार्यकारिणी में दो दर्जन से ज्यादा नए चेहरों का आना इसलिए तय है, क्योंकि निगम, मंडल, आयोग में प्रदेश संगठन के 22 पदाधिकारी को लिया गया है। इसमें भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष और दुर्ग संभाग के प्रभारी भूपेंद्र सवन्नी, प्रदेश महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चार प्रदेश प्रवक्ता संदीप शर्मा, नीलू शर्मा, केदारनाथ गुप्ता, दीपक म्हस्के, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत, अजजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, तीन संभाग प्रभारी रायपुर के सौरभ सिंह, सरगुजा के राजा पांडेय, बिलासपुर के अनुराग सिंहदेव, प्रदेश कार्यसमिति के वरिष्ठ सदस्य और पुराने दिग्गज नेता रामप्रताप सिंह, रामसेवक पैकरा, राजीव अग्रवाल, श्रीनिवास मद्दी, लोकेश कावड़िया, चंद्रकांति वर्मा, भरत मटियारा, प्रहलाद रजक, राकेश पांडेय शामिल हैं। इसी के साथ प्रदेश महामंत्री जगदीश रामू रोहरा और उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव महापौर बन गए हैं। अब इनके स्थान पर नए चेहरों को मौका मिलेगा। इसके अलावा सातों मोर्चा के अध्यक्ष भी बदले जाएंगे। किसान मोर्चा के अध्यक्ष तोखन साहू केंद्रीय मंत्री बन चुके हैं। इसी तरह से अजा मोर्चा के अध्यक्ष नवीन मार्कंडेय का महामंत्री बनना तय है। भाजयुमो के रवि भगत का बदला जाना भी तय है। प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, सरला कोसरिया और एक प्रदेश मंत्री ओजस्वी मंडावी को महिला आयोग का सदस्य बना दिया गया है। एक उपाध्यक्ष लखन लाल देवांगन मंत्री बन गए हैं। इनके स्थान पर भी नए चेहरों को मौका मिलेगा।*

---

## खबर संक्षेप

### क्रेडा अध्यक्ष सवन्नी को क्लीन चिट

**रायपुर।** क्रेडा के अध्यक्ष भूपेंद्र सवन्नी के खिलाफ की गई शिकायत के बाद ऊर्जा विभाग ने इस प्रकरण को आधारहीन बताते हुए नस्तीबद्ध कर दिया है। उल्लेखनीय है कि क्रेडा के कुछ वेंडरों ने इस संबंध में उच्च स्तरीय शिकायत की थी। शिकायत पर जांच का दायित्व ऊर्जा सचिव रोहित यादव को सौंपा गया था। उनकी जांच में शिकायत निराधार पाई गई।



### गोंडवाना गोंड महासभा ने मनाया विश्व आदिवासी दिवस



**रायपुर।** गोंडवाना गोंड महासभा मोवा द्वारा गत दिनों विश्व आदिवासी दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अवनी विहार, दलदल सिवनी, मोवा, शंकरनगर, कचना, देवेंद्र नगर एवं पंडरी के आसपास एवं अन्य स्थान के आदिवासियों ने उपस्थित होकर अपनी संस्कृति का परिचय दिया। इसके बाद रैली मोवा, रायपुर से बुढ़ादेव प्रांगण, वीआईपी रोड तक निकाली गई। इस कार्यक्रम को मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग सदस्य संत कुमार नेताम और क्षेत्रीय गोंडवाना गोड़ महासभा मोवा के अध्यक्ष भोलाराम नेताम सहित कई अतिथियों ने संबोधित किया।

### मीसा बंदियों के वंशजों के लिए युवा संकल्प की शुरुआत



**रायपुर।** लोकतंत्र रक्षक संघ ने मीसा बंदियों के वंशजों के सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक सशक्तिकरण के लिए "युवा संकल्प" की शुरुआत की है। इसमें युवाओं के कौशल विकास के लिए विभिन्न तरह का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा। संघ के अध्यक्ष सच्चिदानंद उपासने, उपाध्यक्ष सुहास देशपांडे ने मंगलवार को संयुक्त पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। श्री उपासने ने कहा कि 1975-77 के आपातकाल में हजारों लोकतंत्र सेनानियों ने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा करने यातनाएँ सही और जेलों में समय बिताया। आज उनके परिवार, विशेषकर युवा पीढ़ी, कई क्षेत्रों में पिछड़ेपन का सामना कर रही है। इन्हीं युवाओं को हुनरमंद बनाने युवा संकल्प एक ठोस प्रयास है। इसमें कौशल विकास प्रशिक्षण के तहत कंप्यूटर, डिजिटल मार्केटिंग, सिलाई, ब्यूटी पार्लर, फूड प्रोसेसिंग, आर्टिफ़िशियल इंटेलिजेंस का प्रशिक्षण निःशुल्क दिया जाएगा।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-4, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांकः 6/8/2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 107/49 रा.नि.मं. -4 तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित भूमि के संबंध में आवेदक कुणाल चचाने पिता सूरेश चचाने निवासी रमन मंदिर वार्ड रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 1654 रकबा 0.0120 हे. भूमि का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के अ-12/ वर्ष/2024-25 आदेश दिनांक 30/6/2025 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन हमारे द्वारा दिनांक 21/8/2025 को 3:00 बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी समीपवर्ती आसपास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती हैं कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के सबंध में जो भी ऊजर, दावा अथवा आपत्ति हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर 04**
**तह व जिला-रायपुर (छ.ग.)**

---

## हर घर, हर संरचना की होगी एक्यूरेट मैपिंग

# छत्तीसगढ़ में पहली बार बनेगा छह शहरों का जीआईएस बेस मास्टर प्लान, ड्रोन से सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में अब तक छोटे बड़े शहरों का मास्टर प्लान सेटेलाइट सर्वे के आधार पर बनाया जाता रहा है, लेकिन यह पहली बार होगा जब छह शहरों का मास्टर प्लान जीएसआई बेस्ड बनाया जाएगा। इस प्रक्रिया के तहत ड्रोन से मैपिंग की जाएगी और यह पूरी तरह एक्यूरेट होगी। खास बात ये है कि यह काम केंद्रीय सरकार की अमृत 2.0 योजना के तहत होने वाला है। केंद्र सरकार ने ही इस काम के लिए राज्य के छह शहरों भाटापारा, चिरमिरी, दल्ली राजहरा, डोंगरगढ़, कांकेर और महासमुंद का चयन किया है।



### इस आधार पर चुने गए ये शहर

केंद्र सरकार ने जीएसआई आधारित मास्टर प्लान तैयार करने के लिए जिन्हें चुना है, उनकी आबादी 50 हजार से लेकर एक लाख तक की है। अमृत 2.0 जीआईएस उप-योजना में पांच घटक शामिल हैं : भू-डेटाबेस निर्माण, जीआईएस-आधारित मास्टर प्लान तैयार करना, क्षमता निर्माण, राष्ट्रीय शहरी भू-पोर्टल का विकास और एकीकृत मोबाइल एप्लिकेशन का विकास। पहले तीन घटकों का कार्यान्वयन राज्य द्वारा सीधे किया जाएगा, जबकि बाद के दो घटकों का विकास आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय द्वारा किया जाएगा और राज्यों को इन्हें उपयोग में लाना होगा।

### क्या अंतर है नए पुराने तरीके में

छत्तीसगढ़ में अब से पहले तक राज्य के छोटे- बड़े शहरों का मास्टर प्लान बनाने का काम बरसों से किया जा रहा है। यह मास्टर प्लान सेटेलाइट सिस्टम से तैयार किया जाता रहा है। यह काम अमृत मिशन 01 के तहत एनआरएसओ हैदराबाद के माध्यम से करवाया जाता था।लेकिन इस बार जीआईएस प्रणाली का उपयोग करते हुए ड्रोन के माध्यम से काम किया जाएगा। इस प्रक्रिया में चुने हुए शहरों की ड्रोन से सैंपलिंग होगी और अधिकारियों का दावा है कि एक-एक घर से लेकर वहां मौजूद सभी संरचनाओं का एक्युरेट सैंपल मिलेगा। ड्रोन से होने वाले सर्वे के माध्यम से इमेजरी कलेक्शन वेटिंग, और बेसमैप तैयार किया जाएगा। डाटा कलेक्शन होगा फिर उसका विश्लेषण (एनालिसिस) किया जाएगा। इस काम में सरकार के अन्य विभागों का भी सहयोग लिया जाएगा।

### जनसंख्या के अनुमान के आधार पर बनेगी विकास योजना

खास बात ये भी है कि जीआईएस सिस्टम से बनने वाले मास्टर प्लान के तहत संबंधित शहर की जनसंख्या का आने वाले वर्षों के हिसाब से पापुलेशन प्रोजेक्शन किया जाएगा। यानि जनसंख्या का पता लगाया जाएगा और उसी के हिसाब से विकास की योजना भी तैयार की जाएगी। यह काम भारत सरकार की एजेंसी सर्वे ऑफ इंडिया द्वारा किया जाएगा। यह सारा काम होने के साथ ही रास्तों का निर्धारण होगा। कहां आवासीय और कहां व्यावसायिक क्षेत्र होगा यह भी तय किया जाएगा। इसके बाद संबंधित शहरों के लोगों से दावा-आपत्तियां मंगाई जाएगी। उसका निरकारण किया जाएगा, इसके बाद नया मास्टर प्लान लागू कर दिया जाएगा।

---

# धमतरी के 81 आवेदनों पर कमिश्नर ने की सुनवाई, शिक्षकों ने कहा-युक्तियुक्तकरण में नहीं हुआ नियमों का पालन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

युक्तियुक्तकरण से असंतुष्ट शिक्षकों की समस्याओं के निराकरण के लिए संभाग स्तर पर सुनवाई की जा रही है। रायपुर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने राजधानी स्थित अपने कक्ष में मंगलवार को धमतरी जिले से प्राप्त शिक्षकों के आवेदनों पर सुनवाई की। इस दौरान शिक्षकों ने भी अपनी बातें रखी। सुनवाई के बाद कई शिक्षकों ने बताया कि शिक्षा विभाग ने युक्तियुक्तकरण के लिए जो नियम बनाए हैं, उन नियमों का जिला स्तरीय समिति ने पालन नहीं किया है, जिससे कई शिक्षकों को बिना खाली पद के दूसरे स्कूलों में भेज दिया है, वहीं बहुतों को विषय चक्र के नियम के विपरीत स्थानांतरण किया है। इससे पहले कमिश्नर ने बलौदाबाजार जिले के आवेदनों पर सुनवाई की थी। इस सुनवाई में भी शिक्षकों ने जिला स्तरीय समिति के निर्णय को नियम विरुद्ध बताया है।

### दो पॉली में हुई सुनवाई

धमतरी जिले से कुल 81 शिक्षकों ने युक्तियुक्तकरण को लेकर जिला स्तरीय समिति के निर्णय के विरुद्ध आवेदन किए थे। इन शिक्षकों को सुनवाई के लिए रायपुर संभाग कार्यालय बुलाया गया था। आवेदकों की संख्या ज्यादा होने के कारण दो पॉली में शिक्षकों को कमिश्नर ने सुना। पहली पॉली में सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक सुनवाई चली, जिसमें 40 शिक्षकों को एवं दूसरी पॉली में अपरान्ह 3 बजे से शाम 5 बजे तक 41 शिक्षकों को सुना गया।



### कई शिक्षक एक दिन पहले ही पहुंच गए थे रायपुर

सुनवाई में शामिल होने पहुंचे कुछ शिक्षकों ने बताया कि सुनवाई में शामिल होने के लिए ज्यादातर शिक्षक सुनवाई के दिन यहां पहुंचे हैं, लेकिन जिनकी पहली पॉली में सुनवाई थी, उनमें कई शिक्षक एक दिन पहले ही रायपुर पहुंच गए थे। इनमें कुछ शिक्षक अपने रिश्तेदारों के यहां तो कई होटल में रुके थे।

### इन नियमों का पालन नहीं करने का आरोप

सुनवाई में पहुंचे कई शिक्षकों ने बताया कि जिला समिति ने विषय चक्र के अनुसार स्थानांतरण के नियम का पालन नहीं किया है। इस नियम के अनुसार पहले स्थान पर अंग्रेजी, दूसरे में गणित, तीसरे में कला, चौथे में विज्ञान और पांचवें में हिन्दी विषय है। यानी स्कूल में दर्ज संख्या के अनुसार अंग्रेजी विषय के शिक्षक से स्थानांतरण होना था, लेकिन समिति ने विज्ञान एवं हिन्दी विषय के शिक्षकों से किया है।

---

# सीएम साय की अगुवाई में राजधानी में आज भाजपा की तिरंगा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भाजपा के हर घर तिरंगा अभियान के तहत बुधवार को राजधानी रायपुर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अगुवाई में बड़ी तिरंगा यात्रा निकलेगी। इस यात्रा में भाजपा के सभी 20 मंडलों के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ रायपुर के सामाजिक संगठनों, स्कूल, कॉलेज के विद्यार्थियों, खिलाड़ियों, व्यापारिक संगठनों को भी आमंत्रित किया गया है। यात्रा का आगाज शहीद स्मारक से शाम को 4 बजे होगा। इसका समापन तेलीबांधा तालाब के मरीन ड्राइव में होगा। समापन में देश भक्ति गीतों का कार्यक्रम भी होगा। यात्रा में प्रदेश के मंत्री, रायपुर के सांसद और विधायकों के साथ ही भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष किरण देव भी शामिल होंगे।



भाजपा के शहर जिला अध्यक्ष रमेश सिंह ठाकुर ने बताया, राजधानी में निकलने वाली तिरंगा यात्रा ऐतिहासिक होगी। प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय स्वयं इस यात्रा में शामिल होने जा रहे हैं। तिरंगे के परिधान पहनकर शहरवासियों को शामिल होने का आग्रह किया गया है। देशभक्ति गीतों की मधुर ध्वनि के साथ निकलने वाली इस यात्रा में इस बार शहरवासियों में अलग ही जज्बा देखने में आ रहा है। यात्रा में हमारे रायपुर शहर के भाजपा के सभी 20 मंडल, निगम, मंडलों के पदाधिकारियों के साथ सांसद बृजमोहन अग्रवाल, चारों विधानसभा के विधायक पुरंदर मिश्रा, सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, राजेश मूणत, रायपुर नगर निगम की महापौर, सभी पार्षद, जिले के सभी पदाधिकारी और कार्यकर्ता यात्रा में शामिल होंगे। यात्रा में 500 मीटर का बड़ा विशाल तिरंगा इस यात्रा में विशेष आकर्षण का केन्द्र होगा। ढोल बाजे गाजे के साथ निकलने वाले इस यात्रा में हजारों की संख्या में महिला, पुरुष, युवा शामिल होंगे।

# पीएमओ डायरेक्टर ने की पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना की समीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पॉवर कंपनी मुख्यालय डंगनिया स्थित विद्युत सेवा भवन में पूजा जैन, डायरेक्टर प्रधानमंत्री कार्यालय ने विभागीय आधिकारियों, विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधियों तथा वेंडरों की बैठक लेकर छत्तीसगढ़ में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत उपभोक्ताओं को बैंकों से ऋण प्राप्त करने में आ रही कठिनाइयों तथा वेन्डरों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। बैठक में 18 राष्ट्रीकृत तथा निजी बैंकों के प्रतिनिधि शामिल हुए। योजना अंतर्गत विभिन्न बैंकों द्वारा सोलर रूफटॉफ प्लांट लगाने के लिए अपनाई जा रही ऋण प्रक्रिया में एकरूपता लाने तथा न्यूनतम आवश्यक डॉक्यूमेन्टेशन के साथ ऋण उपलब्ध कराने के लिए निर्देशित किया गया। ऋण स्वीकृति के बाद प्रकरण निरस्त किए जाने तथा ऋण प्रदाय में हो रहे विलंब पर चिंता व्यक्त करते हुए बैंकों के प्रतिनिधियों को निर्देशित किया। उपभोक्ताओं को योजना अंतर्गत प्रदाय किए जा रहे ऋण की अवधि तथा उपभोक्ताओं द्वारा देय ईएमआई के संबंध में उपभोक्ताओं से चर्चा कर उन्हें पूरी जानकारी देने के निर्देश दिए।

**आवेदन न हो निरस्त :** उन्होंने कहा, उपभोक्ताओं के ऋण संबंधी आवेदन जानकारी के अभाव में निरस्त न हो। अधिक से अधिक उपभोक्ता बैंकों द्वारा प्रदाय किए जा रहे ऋण सुविधा का लाभ लेकर, योजना अंतर्गत अपनी छतों पर सोलर प्लांट लगाकर इसका लाभ लें, ताकि मुफ्त बिजली की ओर अग्रसर हो ताकि योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य को प्राप्त लक्ष्य की पूर्ति हो सके। बैंकों द्वारा ऋण प्रदाय करने आ रही कठिनाइयों से अवगत होते हुए उन्हें दूर करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए।

# स्वच्छता संगम : साय, साव के हाथों रायपुर सम्मानित, मीनल, राठौर ने लिया सम्मान

- राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को गौरव दिलाने वाले नगरीय निकाय का बढ़ाया हौसला



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव ने सफाई के मामले में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश को गौरव दिलाने वाले नगरीय निकायों को मंच पर सम्मानित किया। रायपुर नगर निगम की महापौर मीनल चौबे और निगम सभापति सूर्यकांत राठौर ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव के हाथों मंगलवार को यह सम्मान प्राप्त किया।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा बिलासपुर में स्वच्छता संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, विशिष्ट अतिथि नगरीय प्रशासन एवं विकास मंत्री अरुण साव उपस्थित रहे। इस मौके पर राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को मान दिलाने वाले नगरीय निकायों का मंच पर सम्मान किया गया। विदित हो, रायपुर नगर निगम को राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण 2024-25 में देश के 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहर की श्रेणी में 11,996 अंकों सहित चौथी रैंकिंग और गार्बेज फ्री सिटी की श्रेणी में राज्य का पहला 7 स्टार रैंकिंग मिलने पर दिल्ली में पुरस्कृत होने का हाल ही में मौका मिला। इसी कड़ी में नगरीय प्रशासन विभाग ने स्वच्छता के क्षेत्र में मिनिस्ट्रियल अवार्ड से पुरस्कृत रायपुर शहर की इस उपलब्धि पर स्वच्छता संगम में महापौर मीनल चौबे और सभापति सूर्यकांत राठौर को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। यह सम्मान नगर निगम आयुक्त विश्वदीप, स्वास्थ्य अधिकारी प्रीति सिंह, स्वच्छत भारत मिशन के नोडल अधिकारी रघुमणि प्रधान, सहायक नोडल अधिकारी योगेश कडू, विशेषज्ञ सूरज चंद्राकर की उपस्थिति में प्राप्त किया।

# प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, आपराधिक घटनाओं से प्रदेश में डर का वातावरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, प्रदेश की बिगड़ चुकी कानून व्यवस्था, रोज हो रही हत्याओं, चाकूबाजी, लूट से डर का वातावरण है। रोज हो रही हत्याओं और आपराधिक घटनाओं से पूरी राजधानी में भय का माहौल है। हत्या और चाकूबाजी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। सरकार कुंभकर्णी निद्रा में सोई हुई है। उन्होंने कहा, भाजपा का घर-घर तिरंगा अभियान नई राजनैतिक नौटंकी है। भाजपा का घर-घर तिरंगा अभियान प्रायश्चित के लिये है। आजादी के बाद 52 वर्षों तक आरएसएस के मुख्यालय नागपुर में तिरंगा नहीं फहराया गया था। आज भाजपाई देशभक्ति का ढोंग करने घर-घर तिरंगा अभियान चला रहे हैं। अपने पूर्वजों के पापों का प्रायश्चित करने भाजपाई तिरंगा अभियान की नौटंकी कर रहे हैं।

**वोट चोरी पकड़े जाने पर भाजपा तिलमिला रही**

उन्होंने कहा, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने वोट चोरी का प्रमाण प्रस्तुत किया है। वोट चोरी का भांडा फूट जाने के बाद चुनाव आयोग का बचाव करने भाजपा क्यों सामने आ रही है? वोट चोरी में भाजपा को लाभ हुआ है, इसलिये चुनाव आयोग का बचाव कर रहे हैं।

**गोठान का नाम बदलकर शुरू करने मजबूर हुई सरकार :** उन्होंने कहा, भाजपा अभी तक गोठानो का विरोध करती थी, अब गोधाम के नाम से शुरू करना पड़ रहा है। केवल हाईवे के किनारे गोधाम क्यों? कांग्रेस सरकार द्वारा बनाए गए सभी 10 हजार गोठानो को तत्काल शुरू करना चाहिये। यह छत्तीसगढ़ की परंपरा व संस्कृति है, जिसका पूर्ववर्ती कांग्रेस की सरकार ने संरक्षण और संवर्धन का काम किया, हाईकोर्ट की लगातार फटकार के बाद अब यह सरकार जागी है।

---

**चुनाव आयोग के खिलाफ कांग्रेस बना रही आंदोलन की रणनीति**

# छत्तीसगढ़ में 'वोट चोरी' पर बवाल कांग्रेस खंगालेगी मतदाता सूची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में 'वोट चोरी' के आरोपों को लेकर राजनीतिक माहौल गर्म हो गया है। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के आरोप और विपक्ष के चुनाव आयोग घेराव के बाद प्रदेश कांग्रेस ने मतदाता सूची का परीक्षण करने का फैसला किया है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, छत्तीसगढ़ में भी चुनाव परिणाम अप्रत्याशित रहे हैं और वोटर लिस्ट में गड़बड़ी की आशंका है। कांग्रेस सोशल मीडिया पर अभियान चला रही है और जल्द ही चुनाव आयोग के खिलाफ बड़ा आंदोलन करेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, संदेह की शुरुआत मध्यप्रदेश चुनाव से हुई थी, हरियाणा और महाराष्ट्र में यह और बढ़ा, और छत्तीसगढ़ में तो अप्रत्याशित नतीजे आए। उन्होंने आरोप लगाया कि वोटर लिस्ट में गड़बड़ी हुई है और चुनाव आयोग को इस पर जवाब देना चाहिए। उन्होंने कहा, कांग्रेस जल्द ही इस मुद्दे पर बड़ा आंदोलन शुरू करेगी और रणनीति तैयार की जा रही है।



### चुनाव आयोग डिजिटल वोटर लिस्ट नहीं दे रहा

पूर्व विधायक विकास उपाध्याय का दावा है कि वे इसी हेराफेरी के कारण चुनाव हारे। वे अपने समर्थकों के साथ अपने क्षेत्र में वोटर लिस्ट खंगाल रहे हैं। पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने भी कहा, उन्हें भरोसा था कि वे जीतेंगे, लेकिन कांग्रेस में गुटबाजी का झूठा माहौल बनाकर खेल किया गया। कांग्रेस का आरोप है कि चुनाव आयोग विपक्ष को डिजिटल वोटर लिस्ट नहीं दे रहा और सीसीटीवी व वीडियो सबूत मिटाए जा रहे हैं।

### सोशल मीडिया में अभियान

सोशल मीडिया पर कांग्रेस कार्यकर्ता 'मैं भी वोट चोरी के खिलाफ हूं' हैशटैग के साथ अभियान चला रहे हैं और राहुल गांधी की डिजिटल वोटर लिस्ट की मांग का समर्थन कर रहे हैं। अब छत्तीसगढ़ कांग्रेस इस मामले को आंदोलन और सोशल मीडिया कैंपेन के जरिए राज्य में बड़ा मुद्दा बनाने की तैयारी में है।

HEALTH TOWN

आयुर्वेद संजीवनी क्लीनिक

सेक्स, नामर्द, नपुंसकता, स्वप्न दोष, शीघ्रपतन, वैवाहिक जीवन की कमजोरी, आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया इलाज, दवा की पहली खुराक से असर शुरू

त्वचा रोग, चर्म रोग, खाज-खुजली का आयुर्वेदिक इलाज | बवासीर, भगंदर का शर्तिया इलाज किया जाता है

डॉ. संजीव नवजीवन गृह निर्माण सहकारी समिति मर्या. गेट, धमतरी रोड, पचपेड़ी नाका, रायपुर 9770705718

रामकथा

आंख एवम् कान नाक गला अस्पताल

डॉ. संतोष जायसवाल
एम.बी.बी.एस., एम.एस.
(कान, नाक, गला रोग विशेषज्ञ)
मो. 70891-60782

कान से मवाद एवं परदे में छिद्र का दूरबीन पद्धति द्वारा ऑपरेशन

बैंक ऑफ़ बड़ौदा के सामने कर्मा धाम मंदिर गली बोरिया रोड संतोषी नगर रायपुर, फोन 0771-4001080

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### नवमी की 63 बालिकाओं को साइकिल वितरित

**आरंग।** मंगलवार को विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई में कक्षा नवमी की 63 बालिकाओं को शासन की सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। जिससे बालिकाओं के चेहरे पर खुशी देखी गई। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधिगण ने सबका क उत्साह बढ़ाया तथा सरपंच एवं शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष नीलकंठ निर्मलकर, पूर्व अध्यक्ष एवं ग्राम समिति अध्यक्ष मोहन चंद्राकर, विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मनीष साहू, सोसायटी अध्यक्ष गौतम साहू, कोमल टोड़ै, बेनीराम साहू, निरेंद साहू, प्राचार्य चंदूलाल साहू, संकुल समन्वयक जितेंद्र शुक्ला, चंपा साहू, गोविंद गुप्ता, अंजलि साहू, भोला सोनी, डार्थी टांडी प्रधान पाठक, तृप्ति शर्मा, भरत साहू, विनीत वर्मा, प्रसन्न निर्मलकर, पूनम साहू, त्रिवेणी बर्ग, नीरज साहू आदि की उपस्थिति रही।

### भिलाई में हुआ न्योता भोज



**आरंग।** मंगलवार को शासकीय प्राथमिक शाला भिलाई में अंतरराष्ट्रीय युवा दिवस के उपलक्ष्य में न्योता भोज का आयोजन धनंजय कुमार साहू के द्वारा किया गया एवं बच्चों को अतिरिक्त पोषण आहार के रूप में फल केला का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला परिवार की ओर से उन्हें बधाई दी गई।

### किसानों को अरहर बीज का मिनी किट वितरित

**तरपोंगी।** समीपस्थ ग्राम सगुनी में कृषि विभाग द्वारा दलहन, तिलहन को बढ़ावा देने किसानों को अरहर बीज का मिनी किट वितरण क्षेत्र के जनपद सदस्य देवेंद्र वर्मा के हाथों किया गया। ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी गौरव मुकीम ने बताया कि शासन द्वारा दलहन तिलहन की खेती को प्रोत्साहित करने धान के अलावा दलहन तिलहन का खेती करने की सलाह दी गई। इन फसलों की खेती करने से जमीन को भरपूर मात्रा में उर्वरक शक्ति मिलेगा। वितरण अवसर पर सोसायटी अध्यक्ष रोमलाल साहू, सरपंच रजत कश्यप, उप सरपंच ज्ञानदास मानिकपुरी, कृषक मित्र तुलसीराम वर्मा, किसान प्रेमलाल साहू, भागीरथी वर्मा, सुरेश साहू, श्याम रतन सेन, मितानिन कालेन्द्री वर्मा, इंद्राणी यदु, नीरा वर्मा आदि उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष...

### ड्रग कनेक्शन से जुड़े...

गोकुल नगर निवासी हुसैन खान उर्फ मुर्गी, आजाद चौक निवासी मोहम्मद फोरात अब्बास, सुंदर नगर निवासी शिशिर राय, कटोरातालाब निवासी संतोष धनवानी, गोलबाजार निवासी सैयद आसिफ अली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफतार किया है, उन लोगों द्वारा ड्रग का सेवन किया जाता था। साथ ही उनके द्वारा भारी मात्रा में ड्रग खरीदी किए जाने के बारे में पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने उन सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उन लोगों ने ड्रग सेवन करने के लिए पैसों की व्यवस्था करने ड्रग बेचने का अपराध कबूल किया।

### 'फार्मा सही दाम' अब...

निर्माता/कंपनी विवरण देखना तथा दवाओं की अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी), अनुशंसित मूल्य, और निर्धारित दरें देखने की सुविधाएं शामिल हैं। एनपीपीए दवाओं के फार्मूला और कीमतों को तय करने के साथ उसके संशोधन का काम करता है।

### दवा कारोबारी भी...

दवा खोज, शिकायत पंजीकरण एवं शिकायत की स्थिति देखने की सुविधा है, एंड्रॉइड व आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। क्यूआर कोड स्कैन कर त्वरित डाउनलोड सुविधा भी है।

---

**अभियान**

### स्वतंत्रता दिवस से चार दिन पूर्व ही देशभक्ति में डूबा गांव-गांव

# जनपद पंचायत धरसींवा में हर घर तिरंगा की धूम, देशभक्ति की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर से कुछ दिन पहले ही जनपद पंचायत धरसींवा के अंतर्गत आने वाली कई ग्राम पंचायतों में देशभक्ति की लहर दौड़ पड़ी है। 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत मंगलवार को भव्य रैलियां निकाली गईं, जिनका उद्देश्य लोगों में देशभक्ति की भावना को बढ़ाना और राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान को जागृत करना था। इन रैलियों में गांव के सरपंच, सचिव, स्वच्छता समूह की महिलाएं, शिक्षक और प्यारे स्कूली बच्चों ने पूरे जोश के साथ भाग लिया। जनपद पंचायत धरसींवा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत तेंदुआ, भैंसमुड़ा और मुर्रा में एक साथ विशाल 'हर घर तिरंगा' रैलियों का आयोजन किया गया। इन रैलियों में ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और लोगों को अपने घरों पर तिरंगा फहराने का संदेश दिया।




### इन ग्राम पंचायतों में मना जश्न

कई ग्राम पंचायतों में हर घर तिरंगा अभियान जोर-शोर से चलाया गया। ग्राम पंचायत तेंदुआ में ग्रामीणों को घरों पर तिरंगा फहराने का संदेश दिया गया, ताकि वे राष्ट्रीय गौरव प्रदर्शित कर सकें। ग्राम पंचायत भैंसमुड़ा में सरपंच के नेतृत्व में स्वच्छता समूह की महिलाओं, स्कूली बच्चों और शिक्षकों ने देशभक्ति के नारे लगाते हुए पूरे गांव में घूमकर देशप्रेम का माहौल बनाया। इसी तरह, ग्राम पंचायत मुर्रा में स्वच्छता समूह की महिलाओं, बच्चों, शिक्षकों, सरपंच और सचिव ने मिलकर गांव की गलियों में जागरूकता रैली निकाली और लोगों को राष्ट्रीय ध्वज फहराने के महत्व के बारे में बताया। इन प्रयासों से पूरे क्षेत्र में देशभक्ति और एकता की भावना का संचार हुआ। इस अवसर पर जनपद पंचायत धरसींवा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री आशीष केसरवानी ने इस अभियान की सराहना करते हुए कहा, हर घर तिरंगा अभियान एक राष्ट्रीय गौरव का प्रतीक है। यह अभियान हमें स्वतंत्रता संग्राम के शहीदों के बलिदान की याद दिलाता है और राष्ट्र के प्रति हमारे कर्तव्य को दोहराता है। यह देखकर अत्यंत खुशी हो रही है कि जनपद की सभी ग्राम पंचायतों में ग्रामीण, बच्चे और महिलाएं इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं।

### तिल्दा नेवरा में निकली विशाल तिरंगा यात्रा, देशभक्ति का दिखा जज्बा

**तिल्दा नेवरा।** आज शाम तिल्दा नेवरा में एक भव्य तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं और नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह यात्रा पीएम श्री उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम शासकीय स्कूल नेवरा से शुरू हुई और शहर के विभिन्न हिस्सों से होते हुए पंडित दीनदयाल चौक पर समाप्त हुई। इस दौरान, छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति के नारे लगाए और गीत गाए, जिससे पूरे वातावरण में जोश और देशभक्ति का संचार हुआ। यात्रा का समापन पंडित दीनदयाल उपाध्याय चौक पर एक कार्यक्रम के साथ हुआ, जहां सरस्वती शिशु मंदिर तिल्दा विद्यालय की छात्राओं ने




देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री टंक राम वर्मा ने सभी देशवासियों और क्षेत्रवासियों को तिरंगा यात्रा की बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह यात्रा देश के प्रधानमंत्री के आह्वान पर आयोजित की गई है, जो देश की एकता और अखंडता का प्रतीक है। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती चंद्रकला वर्मा, भाजपा नेता राम पंजवानी, सौरभ जैन, नरेंद्र शर्मा, पार्षद सतीश निषाद, दिनेश साहू सहित कई गणमान्य व्यक्ति और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, नागरिक और स्कूली बच्चे उपस्थित थे। यह आयोजन न केवल देशभक्ति का संदेश देता है, बल्कि नागरिकों को एक साथ लाने का भी काम करता है।



### सीआरपीएफ जवानों ने निकाली तिरंगा बाइक रैली

**आरंग।** मंगलवार को अजय कुमार सिंह उप महानिरीक्षक ग्रुप केंद्र केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल भिलाई के निर्देशन में ग्रुप केंद्र के जवानों द्वारा तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। जिसमें सैकड़ों जवानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। तिरंगा बाइक रैली सीआरपीएफ मोंटेसरी स्कूल भिलाई से निकल कर शासकीय पूर्व एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भिलाई पहुंची। जहां जवानों का भव्य स्वागत अभिनंदन हुआ। तत्पश्चात तिरंगा रैली शासकीय नवीन प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला चरौदा पहुंची। वहां भी बच्चों ने बाजे- गाजे के साथ अभिवादन किया। जहां बच्चों द्वारा संगीतमय देशभक्ति गीत सबके लिए आकर्षण का केंद्र रहा।वहां से निकल कर तिरंगा रैली इंदिरा चौंक आरंग पहुंची। जहां स्वयंसेवी सामाजिक संगठन पीपला वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने जवानों का फूल मालाओं व पटाखे से जोरदार स्वागत किया। जिसकी जवानों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।इंदिरा चौंक से मुख्य मार्ग होते हुए शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आरंग पहुंची।वहां भी शालेय प्रबंधन एवं छात्र छात्राओं द्वारा जोरदार स्वागतकर जवानों का अभिवादन किया गया। तत्पश्चात नेताजी चौंक में लोधी स्कूल के बच्चों ने भी जवानों को देखते ही उत्साहित होकर भारत माता की जय का उद्घोष करने लगे।इस बीच सभी स्कूलों में सीआरपीएफ के जवानों ने करीब एक हजार तिरंगे झंडे भी वितरण किया। इस अवसर पर श्रीमती दुर्गा भवानी राजनाला उप महानिरीक्षक मेडीकल संयुक्त अस्पताल ग्रुप केंद्र रायपुर द्वारा बच्चों को तिरंगे झंडे का महत्व बताया। उप कमांडेंट अजय सिंह ने बच्चों व कार्यक्रम में उपस्थित जनमानस को उप महानिरीक्षक अजय कुमार सिंह का संदेश पढ़कर सुनाया और कहा- देश की तरक्की व उन्नति तभी बढ़ेगी जब हर नागरिक अपने कर्तव्यों और जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे। उन्होंने बताया बच्चों, जवानों और जनमानस में देशभक्ति का जज्बा गजब दिखा।

रैली में प्रमुख रूप से उप कमांडेंट अजय सिंह, उप कमांडेंट प्रियंजन गुप्ता,सहायक कमांडेंट एम डी जावेद,सहायक कमांडेंट राजकुमार चितला, सहायक कमांडेंट पी प्रसाद, इंस्पेक्टर उमाशंकर टंडन, संजय कुमार सहित सैकड़ों जवानों, सभी शालाओं के शिक्षक शिक्षिकाओं पीपला फाउंडेशन के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं की उपस्थिति रही। कार्यक्रम के आयोजन संयोजन में कमांडेंट अजय सिंह, सूबेदार महेन्द्र यादव, शिक्षक महेन्द्र कुमार पटेल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने अहम भूमिका निभाई।

---

## आरंग-राटाकाट मार्ग में मिला युवक का शव



**आरंग।** आरंग थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंगलवार को सुबह आरंग से ग्राम राटाकाट रोड में शराब दुकान जाने वाले नाला के पास झाड़ियों के बीच युवक का शव मिलने की सनसनीखेज खबर सामने आया है। घटना की सूचना मिलते ही आरंग पुलिस घटना स्थल पर पहुच गई है।

मृतक युवक की शिनाख्त ग्राम भोथली निवासी गिरिजा शंकर धीवर (उम्र 35 वर्ष) के रूप में की गई है। प्रारम्भिक मिली जानकारी के अनुसात मृतक के चेहरे पर चोट के निशान पाए गए है जिससे अनुमान लगाया जा रहा है युवक की हत्या की गई है। लाश से कुछ दूरी पर मृतक की मोटरसाइकल भी मिली है। आरंग पुलिस घटना की विवेचना शुरू कर दी है तथा युवक की मौत की असली वजह तलाशने में जुट गई है।

## पूर्व सरपंच की करंट लगने से मौत, हत्या की आशंका



**तिल्दा नेवरा।** तिल्दा ब्लॉक के केंवतरा गांव में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां पूर्व सरपंच ओमप्रकाश वर्मा (उम्र लगभग 40 वर्ष) की खेत में करंट लगने से मौत हो गई। परिजनों ने इसे एक सामान्य दुर्घटना नहीं, बल्कि हत्या का मामला बताया है। परिजनों के अनुसार, ओमप्रकाश वर्मा सोमवार शाम को अपने खेत गए थे, लेकिन जब वह देर रात तक वापस नहीं लौटे तो परिवार के लोग चिंतित हो गए। तलाश के दौरान पता चला कि खेत में करंट लगने से उनकी मौत हो गई है। परिजनों ने संदेह जताया है कि पड़ोस के खेत वाले ने जंगली जानवरों (जैसे कि बरहा) से अपनी फसल को बचाने के लिए गैरकानूनी तरीके से बिजली का तार बिछाया था, जिसकी चपेट में आकर ओमप्रकाश वर्मा की जान गई। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि मृतक परिवार और पड़ोस के खेत वाले के बीच पुरानी दुश्मनी थी, जिसके कारण इसे एक साजिश के तहत की गई हत्या माना जा रहा है। मृतक के परिजनों ने इस पूरे मामले की जानकारी नेवरा थाने में दी है। मृतक का शव मंगलवार को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया, और उसके पैर पर करंट से जले के निशान भी साफ दिखाई दे रहे हैं। नेवरा पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है।

## अभनपुर में गणेश चतुर्थी की तैयारियां जोरों पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

27 अगस्त को गणेश चतुर्थी का पर्व है, जिसकी तैयारियां पूरे देश में चल रही हैं। इसी कड़ी में, अभनपुर के मुंडरा गांव में मूर्तिकार युवराज चक्रधारी अपनी टीम के साथ भगवान गणेश की प्रतिमाओं को अंतिम रूप देने में व्यस्त हैं। मुंडरा गांव में स्थित मां निरई माता मूर्तिकला केंद्र में इस बार करीब 500 गणेश प्रतिमाएं बनाई गई हैं। इनमें 5 से 12 फीट तक की 60 बड़ी मूर्तियां और 1 से 1.5 फीट की 400 से अधिक छोटी मूर्तियां शामिल हैं। खास बात यह है कि ये सभी मूर्तियां इको-फ्रेंडली यानी मिट्टी से बनी हैं। मूर्तिकार युवराज चक्रधारी ने बताया कि इस साल उन्होंने कई नई थीम पर मूर्तियां बनाई हैं। इनमें भगवान शंकर, कृष्ण, विष्णु और महाभारत की थीम प्रमुख हैं। इसके अलावा, बच्चों के बीच लोकप्रिय बाल गणेश की मूर्तियां भी बड़ी संख्या में तैयार की गई हैं।



### रोजगार का माध्यम और राष्ट्रीय पहचान

युवराज चक्रधारी का यह मूर्तिकला केंद्र न केवल स्थानीय लोगों के लिए बल्कि ओडिशा समेत कई अन्य राज्यों के लिए भी मूर्तियों का निर्माण करता है। रायपुर और आसपास के गांवों से भी लोग यहां मूर्तियां खरीदने आते हैं। इस काम के लिए वे गणेश चतुर्थी से लगभग 8-9 महीने पहले ही तैयारी शुरू कर देते हैं, जिससे 12 लोगों को रोजगार भी मिल रहा है। युवराज चक्रधारी पिछले 15 सालों से इस काम में लगे हैं और उन्हें इस कला से न सिर्फ अपने परिवार का पालन-पोषण करने में मदद मिलती है, बल्कि काम से संतुष्टि भी मिलती है।

## किसानों की मांग पर गंगरेल से सिंचाई पानी छोड़ा गया

**आरंग।** मानसून ब्रेक की स्थिति के चलते धान की फसल के लिये सिंचाई पानी की आवश्यकता को देखते हुये किसानों की मांग पर मंगलवार से गंगरेल से पानी छोड़ना शुरू कर दिया गया है। शुरुआत एक हजार क्यूसेक से की गयी है जिसे आवश्यकतानुसार धीरे - धीरे बढ़ाया जावेगा। ज्ञातव्य हो कि बीते 10-12 दिनों से बरसात न होने व मानसून ब्रेक की स्थिति के चलते खेतों में पानी की कमी के चलते किसानों कार्य लगभग ठप्पा हो गया था। किसानों की मांग पर बीते दिनों बंगोली सिंचाई उपसंभाग के अंतर्गत आने वाले जल उपभोक्ता संस्थाओं के पूर्व अध्यक्षों ने बैठक आहूत कर गंगरेल का गेट खोलने की मांग करने का निर्णय लिया था और रायपुर जिला जल उपभोक्ता संस्था संघ के अध्यक्ष रहे भूपेंद्र शर्मा के माध्यम से जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को ज्ञापन सौंप संबंधित अधिकारियों का भी ध्यान आकृष्ट कराया था। इधर बलौदाबाजार जल प्रबंध संभाग के अंतर्गत आने वाले सिंचाई उपसंभाग के अधिकारियों ने भी किसानों की मांग से वरिष्ठ अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया था वहीं पूर्व जल संसाधन मंत्री धनेन्द्र साहू ने भी गंगरेल से अविलंब पानी छोड़ने की मांग की थी। सोमवार को जिला पंचायत सदस्य वतन चंद्राकर व किसान नेता पारसनाथ साहू ने अनुविभागीय अधिकारी आरंग के माध्यम से प्रशासन को ज्ञापन सौंप 12 अगस्त तक गंगरेल से पानी न छोड़ने पर स्वतंत्रता दिवस के दिन आरंग टोल प्लाजा के पास प्रदर्शन की चेतावनी दी थी। इधर जानकारी मिली है कि गंगरेल के कमांड क्षेत्र में आने वाले विधानसभा क्षेत्र कसडोल के प्रतिनिधित्व कर चुके पूर्व विधायक व विधानसभा अध्यक्ष रहे गौरीशंकर अग्रवाल ने भी बीते कल सोमवार को सिंचाई मंत्री से हालात को देखते हुये अविलंब गंगरेल से पानी छोड़ने का आग्रह किया था। सूत्रों के अनुसार आसन्न 15 अगस्त से गंगरेल का गेट खोलने की मंशा प्रशासन की थी पर किसानों व जनप्रतिनिधियों के दबाव के चलते तीन दिन पहले ही गंगरेल का गेट खोल दिया गया।

## घायल बछड़े का उपचार, मृत गाय का दाह संस्कार

**आरंग।** गौसेवा और संरक्षण की मिसाल पेश करते हुए ग्राम उमरिया में सत्य सनातन संगठन के पदाधिकारियों ने मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में सेवा कार्य किया। जानकारी के अनुसार, उमरिया क्षेत्र में एक गाय का नवजात बछड़ा कुत्ते के हमले में बुरी तरह घायल हो गया था। घटना की सूचना मिलते ही संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और बछड़े को उपचार हेतु स्थानीय पशु चिकित्सक के पास ले जाकर दवाई एवं पट्टी करवाई। इसी दिन दूसरी घटना में एक मृत गाय का कोल्हान नाला के तट संगठन के पदाधिकारियों ने धार्मिक विधि-विधान के साथ उसका सम्मानपूर्वक दाह संस्कार किया। इस दौरान उन्होंने कहा



कि गौवंश की सेवा एवं संरक्षण भारतीय संस्कृति का अभिन्न हिस्सा है और संगठन इसके लिए सतत कार्यरत है।

इस मौके पर संगठन के युवा अध्यक्ष तेजराम निषाद, उपाध्यक्ष निकेश यादव, सहसचिव रिंकू यादव, सदस्य सागर करण, चंदू, चंदन, हेमराज, अप्पू, सोनू, बीरबल, अमन, आशीष, लोकेश मानिकपुरी, कमल, ओंकार एवं मिडिया प्रभारी यशवंत भारती उपस्थित थे। इस अवसर पर यसवंत भारती ने बताया कि संघटन द्वारा अभी तक 151 गायों का देह संस्कार कर चुके देह संस्कार में होने वाले खर्च संघटन के सदस्यों के जन्म दिन दिन पर सौ रु जमा कर करते है। यसवंत भारती ने ग्रामीणों से भी अपील की कि वे गौवंश की सुरक्षा और देखभाल में सक्रिय योगदान दें, ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

### कांग्रेस का सृजन संगठन अभियान जोर-शोर से शुरू

## संगठन की मजबूती पहली प्राथमिकता : डहरिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा

छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर, धरसींवा ब्लॉक कांग्रेस ने सिलयारी में 'सृजन संगठन अभियान' को गति देते हुए मंडल और सेक्टर कमेटियों के गठन के लिए एक अहम बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में प्रदेश कांग्रेस सह-प्रभारी विजय जांगिड़ और रायपुर जिला ग्रामीण प्रभारी व पूर्व मंत्री शिव डहरिया विशेष रूप से शामिल हुए। इस अभियान का मुख्य लक्ष्य पार्टी को जमीनी स्तर पर मजबूत बनाना और कार्यकर्ताओं को एकजुट करना है। पूर्व मंत्री शिव डहरिया ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा की संगठन की मजबूती हमारी पहली प्राथमिकता है। जब तक हमारी मंडल और सेक्टर कमेटियाँ मजबूत नहीं होंगी, तब तक हम अपनी बात





जनता तक प्रभावी ढंग से नहीं पहुँचा पाएंगे। यह अभियान निचले स्तर तक कांग्रेस पार्टी की नीतियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुँचाने का माध्यम है। उन्होंने राज्य सरकार पर निशाना साधते हुए किसानों की समस्याओं को उठाया। उन्होंने कहा, /"बारिश कम होने से किसान परेशान हैं। उनकी फसलें सूख रही हैं। मैं सरकार से मांग करता हूँ कि तत्काल नहरों में पानी छोड़ा जाए, ताकि हमारे मेहनतकश किसानों की फसलें बर्बाद होने से बच सकें। सरकार को किसानों के हितों का ध्यान रखना चाहिए। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी धरसींवा के अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा ने कहा, /"हमारे ब्लॉक में 'सृजन संगठन अभियान' को लेकर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह है। हम इस अभियान के तहत हर गांव और हर वार्ड में जाकर नई कमेटियों का गठन कर रहे हैं। हमारा लक्ष्य है कि पार्टी की विचारधारा और संदेश को हर घर तक पहुंचाया जाए। उन्होंने आगे कहा, /"हमारा प्रयास है कि इस अभियान के माध्यम से हम नए और पुराने कार्यकर्ताओं को एक मंच पर ला सकें, ताकि आने वाले समय में कांग्रेस पार्टी और अधिक सशक्त होकर जनता की सेवा कर सके। इस बैठक में पूर्व सांसद छाया वर्मा, पूर्व विधायक अनिता शर्मा, जिला ग्रामीण अध्यक्ष उधो राम वर्मा, डोमेश्वरी वर्मा सहित पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## युक्तियुक्तकरण से पीड़ित शिक्षकों का डीईओ व संयुक्त संचालक को ज्ञापन



**आरंग।** रायपुर जिला के युक्तियुक्त करण से प्रभावित शिक्षकों ने विगत दिवस जिला शिक्षा अधिकारी व संयुक संचालक शिक्षा संभाग रायपुर को ज्ञापन सौंपकर व्यापक पैमाने पर हुई विसंगतियों से अवगत कराते हुए संशोधन की मांग की। ज्ञात हो प्रदेश में दोषपूर्ण युक्तियुक्तकरण के चलते हजारों की संख्या में शिक्षकों के समक्ष जीविकोपार्जन का संकट पैदा हो गया है, क्योंकि कोर्ट में मामला लंबित होने तथा न्याय मिलने की आस में उक्त शिक्षकों ने पदांकित शाला में कार्यभार ग्रहण नहीं किया है, जिसके कारण उन्हें वेतन नहीं मिल पाया है, फलतः आर्थिक संतुलन बिगड़ गया है। अपनी व्यथा सुनाते हुए पीड़ित शिक्षकों ने बताया कि कनिष्ठों को छोड़ वरिष्ठों को अतिशेष बता नियमों को ताक में रखकर ब्लॉक मुख्यालय से दूरस्थ शालाओं में पदांकन किया गया हैजो सर्वथा अनुचित है। पीड़ित शिक्षकों में रेखराज धीवर, हेमंत चंद्राकर, कमल किशोर साहू, ढालेंद्र साहू, पुराणिक राम मनहरे, देवलाल ओगरे, संध्या साहू, रितु सोनी ने प्रदेश सरकार से दोषपूर्ण आदेश को तत्काल निरस्त कर निकटस्थ शालाओं में पदांकन करने की मांग की है।

## खबर संक्षेप

### विधायक सोनी ने विद्यार्थियों को प्रदान किए प्रमाणपत्र



**रायपुर।** हिंद इंग्लिश मीडियम स्कूल, आरडीए प्लाट, संजय नगर में मंगलवार को ग्रीन डे मनाया गया। इस अवसर पर संजय नगर गार्डन में अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं ने पौधारोपण किया। इसी दौरान मुख्य अतिथि विधायक सुनील सोनी ने पौधारोपण कार्यक्रम एवं राखी स्पर्धा में शामिल छात्र-छात्राओं को प्रमाणपत्र भी वितरित किए। इस मौके पर श्री सोनी ने शाला के विद्यार्थियों को पेड़ों के महत्व और उसकी आवश्यकता के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने "एक पेड़ मां के नाम" अभियान के तहत पेड़ लगाकर उपस्थित लोगों से अधिक से अधिक पेड़ लगाने का आव्हान किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य मिर्जा एजाज बेग ने की। पौधारोपण कार्यक्रम में रेहाना बेगम, पार्षद बद्री प्रसाद गुप्ता, अभिषेक तिवारी, मुतवल्ली मस्जिद गरीब नवाज संजय नगर, सुरैया मिर्जा, इजहार बेग, रूही नाज, शेख नकीबा, निशा, भारती साहू, रंजना, संध्या, मुस्तरी, सबा निशा, फिरदौस, गुलफशा, गौसिया, रूखसार, मौलाना अमीर बेग, मो. कासम, सरफराज, नासिर सहित छात्र-छात्राएं, पालक एवं अनेक लोग उपस्थित थे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं की रीढ़ हैं मितानिन बहनें

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ द्वारा विगत दिनों नवा रायपुर स्थित ग्राम तूता में किए जा रहे धरना-प्रदर्शन को जनता कांग्रेस (जे) छत्तीसगढ़ ने समर्थन दिया है। पार्टी के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, मितानिन बहनें शासन और जनता के बीच की वह मजबूत कड़ी हैं, जो न केवल सरकारी योजनाओं को समाज के अंतिम छोर तक पहुंचाती हैं, बल्कि राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ भी हैं। उन्होंने कहा मितानिन बहनों की यह मांगें पूर्णतः न्यायसंगत हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से इन मुद्दों को गंभीरता से लेकर पूरा करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा मितानिनें ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की पहली पंक्ति हैं। इनके बिना प्राथमिक स्वास्थ्य ढांचा चरमरा जाएगा। सरकार को इनकी मांगों को ठंडे बस्ते में डालने के बजाय तुरंत बातचीत करके समाधान निकालना चाहिए।

## निधन

### विश्वास राव गायकवाड़



**रायपुर।** बूढ़ापारा गायकवाड़ गली निवासी विश्वास राव गायकवाड़ का 12 अगस्त को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 13 अगस्त को सुबह 11 बजे निवास स्थान से मारवाड़ी श्मशानघाट के लिए निकलेगी। वे सुनील गायकवाड़ के पिता थे।

### डा. सुगनचंद छाजेड़



**रायपुर।** शंकर नगर निवासी डॉ सुगनचंद छाजेड़ (90) का 12 अगस्त को निधन हो गया। उनकी इच्छानुसार मृत्युपर्यंत 12 अगस्त को उनका नेत्र दान किया गया और उनके देह दान के लिए 13 अगस्त को सुबह 11.30 बजे उनके निवास स्थान से मेकाहारा मेडिकल कॉलेज के लिए प्रस्थान किया जाएगा। वे कांता छाजेड़ के पति और कर्नल रवीश छाजेड़ एवं कविश छाजेड़ के पिता थे।

### प्रकाश रोटकर



**रायपुर।** महादेवघाट रायपुरा निवासी प्रकाश रोटकर (65) का 11 अगस्त को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 12 अगस्त को महादेवघाट श्मशानघाट में किया गया। वे किरण के पति, रानी, रेणु व प्रसन्न के पिता थे।

# पीजी हॉस्टल की छोटी पार्किंग और बंद कैमरे देख भड़के कमिश्नर, अधूरे काम पूरे करने सख्त हिदायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

पीजी हास्टल में डाक्टरों के वाहन के लिए पर्याप्त पार्किंग व्यवस्था नहीं होने और डेढ़ साल से बंद पड़े सीसीटीवी कैमरे देखकर कमिश्नर महादेव कांवरे भड़क गए। उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारियों को पुरानी शिकायतों को शीघ्र पूरा करने की हिदायत दी। कालेज के साथ उन्होंने अस्पताल जाकर मरीजों और ओपीडी की उपचार व्यवस्था की जानकारी ली। इलाज के लिए आने वाले जरूरतमंद मरीजों को दी जाने वाली दवा के स्टॉक के बारे में भी पूछताछ की।

## संभागायुक्त पहुंचे मेकाहारा, निर्माण के साथ मरीजों का भी हाल जाना





### आवास समस्या पुरानी

मेडिकल कालेज में पढ़ाई करने वाले छात्रों की आवास समस्या पुरानी है। यहां यूजी छात्रों के लिए हास्टल का निर्माण तो किया जा रहा है मगर उसका काम काफी धीमा है। सूत्रों का कहना है अभी अधूरा खड़ा ढांचा जब तक वास्तविक भवन के रूप में तैयार होगा तब तक प्रवेश लेने वाला बैच पढ़ाई पूरी कर चुका होगा। हास्टल को लेकर कुछ समय पहले काफी बवाल भी हुआ था।

संभागायुक्त महादेव कांवरे ने सोमवार को शासकीय जेएन मेडिकल कालेज और आंबेडकर अस्पताल का जायजा लिया। पीजी हास्टल में पर्याप्त पार्किंग नहीं होने की वजह से डाक्टरों की अस्त-व्यस्त गाड़ियां देखकर उन्होंने पीडब्लूडी के अधिकारियों से इस बारे में पूछताछ की। इस दौरान उन्हें पता चला कि हास्टल में मौजूद सीसीटीवी कैमरे खराब पड़े हैं, इसकी वजह से वहां से डाक्टरों की गाड़ियां भी चोरी हो जाती हैं। कई बार सूचना देने के बाद भी इसे ठीक करने के लिए मेंटेनेंस टीम गंभीरता नहीं दिखा रहा है। इस समस्या के बारे में जानकर कमिश्नर ने मौजूद अफसरों के सामने नाराजगी जताई और कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए।

## कल तक प्रपोजल जमा करने का मौका, बेसमैप अपडेशन और प्रापर्टी के सर्वे की तैयारी

# 8 साल बाद शहर का फिर होगा सर्वे, नगर निगम ने ऑनलाइन टेंडर कर निजी एजेंसियों से मंगाए प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

8 साल बाद शहर का एक बार फिर नये सिरे से सर्वे होगा। निगम के राजस्व महकमा ने राजधानी सहित आउटर स्थित 70 वार्डों के मकान, दुकान, भवन, खाली भूखंडों का सर्वे कराने निजी एजेंसियों से ऑनलाइन टेंडर कर प्रस्ताव मंगाये हैं। 14 अगस्त तक संबंधित एजेंसी को अपना प्रस्ताव जमा करना होगा। निगम को ऑनलाइन मिलने वाले प्रस्ताव का पहले अध्ययन किया जाएगा, इसके बाद संबंधित एजेंसी से प्रेजेंटेशन लेकर कम दर वाले अच्छे प्रस्ताव का चयन कर सर्वे के लिए टेंडर किया जायेगा।

- प्रस्ताव का पहले अध्ययन, फिर होगा प्रेजेंटेशन
- नए निर्माण की मिलेगी जानकारी, छूटी हुई प्रापर्टी अपडेट होगी, कंस्ट्रक्शन का एरिया बढ़ा मिला तो टैक्स बढ़ेगा

दरअसल, रायपुर नगर निगम सीमा क्षेत्र में 3 लाख 60 हजार रजिस्टर्ड प्रापर्टी है, जिनमें से 3 लाख प्रापर्टी से नगर निगम को संपत्ति कर मिल रहा है। 60 हजार संपत्तियां ऐसी हैं, जिनसे प्रापर्टी टैक्स की वसूली नहीं हो पा रही है। सूत्रों के मुताबिक शहर में 50 हजार नए निर्माण ऐसे हैं, जिनकी जानकारी नगर निगम को नहीं है। वहीं नगर निगम के रिकार्ड में शहरभर में 36 हजार डायवर्सन किये हुए खाली भूखंड दर्ज हैं। इसमें से 19,752 ओपन प्लॉट अपडेट हैं, जिनसे नगर निगम को संबंधित भूखंड मालिक से खाली प्लॉट पर टैक्स मिल रहा है, वहीं 16 हजार ओपन प्लॉट ब्लाग्ड प्रापर्टी के रूप में है, जिनके भूखंड स्वामी किसी कारण से टैक्स नहीं दे रहे। अब इन ब्लाक्ड ओपन प्लाट के लोकेशन एरिया और प्लॉट होल्डर को ढूंढ निकालने नगर निगम शहरभर में ओपन प्लॉट का एक बार फिर सर्वे करायेगा। चूंकि आउटर के वार्डों में खाली भूखंडों की संख्या ज्यादा है, इसे चिन्हांकित कर के दायरे में लाया जायेगा। कृषि भूमि के व्यावसायिक उपयोग को भी सर्वे के दौरान ध्यान रखा जायेगा।

### सर्वे में तीन प्रमुख बातों पर रहेगा फोकस

निगम की उपायुक्त राजस्व डॉ. अंजलि शर्मा के मुताबिक शहरभर में नये सिरे से होने वाले प्रस्तावित सर्वे में हमने तीन प्रमुख बातों पर फोकस किया है। इसमें से पहला है रिसेंट प्रापर्टी, दूसरा ब्लाक प्रापर्टी और तीसरा अनएसेस प्रापर्टी। इस तरह संपूर्ण रूप से सर्वे कर डाटा जुटाने की मंशा है। इससे नगर निगम को पिछले 8 साल में किये गये नए निर्माण की जानकारी मिलेगी साथ ही ऐसे पुराने निर्माण जिस पर सर्वे के बाद कंस्ट्रक्शन एरिया बढ़ाया गया है उसका नए सिरे से करारोपण किया जाएगा।



### घर-घर जाकर सर्वे करेगी एजेंसी

नगर निगम से अनुबंधित एजेंसी अनुबंध की शर्त के मुताबिक अपने कर्मचारियों के माध्यम से घर-घर जाकर आवासीय एवं व्यावसायिक निर्माण को लेकर सर्वे करेगी। यही नहीं, खाली भूखंड के बारे में जानकारी जुटाने और रहवासी इलाकों में व्यावसायिक प्रयोजन से हुए निर्माण पर नजर रखते हुए अपनी रिपोर्ट तैयार कर निगम प्रशासन को देगी।

### पिछले सर्वे में निगम की फूटी कौड़ी खर्च नहीं, इस बार 1 से 2 करोड़ का लगेगा फटका

साल 2016-17 में शहर का जीआईएस सर्वे कराया गया। इसके लिए केन्द्र सरकार ने एजेंसी नियुक्त की और 2.5 करोड़ रुपये का भुगतान भी केन्द्र से हुआ। रायपुर नगर निगम को इस कार्य में फूटी कौड़ी खर्च नहीं करनी पड़ी, क्योंकि उस समय यह सर्वे विश्व बैक परियोजना का एक हिस्सा रहा, जबकि इस बार नगर निगम को शहरभर का सर्वे कराने में 1 से 2 करोड़ रुपये का खर्च अनुमानित है। अनुबंधित एजेंसी को यह राशि सर्वे कार्य के लिए भुगतान करना होगा। पिछली बार एजेंसी से रायपुर शहर में कराये गये जीआईएस सर्वे में काफी गलतियां मिली थीं। सूत्रों के मुताबिक करीब 40 हजार प्रापर्टी के सर्वे में खामियां पायी गयीं। मसलन मठ, मंदिर, मस्जिद पर नियमतः टैक्स नहीं लगता, पर एजेंसी ने उन्हें टैक्स के दायरे में लिया। तालाबों को खाली प्लॉट बताकर उन्हें प्रापर्टी मान ली गयी। रहवासी इलाके की घर में खोली गई छोटी दुकान से व्यावसायिक दर पर जलशुल्क लगाया गया। कुल मिलाकर गलतियां सुधारने लोग महीनों भटकते रहे।

## शेयर-क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश का झांसा, एक करोड़ से ज्यादा की ठगी, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शेयर और क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश कराने के नाम पर ठगी करने वाले फरार आरोपी अभिलाष मसीह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी ने अपने साथी अभिषेक प्रवीण मसीह के साथ मिलकर कई लोगों को ट्रेडिंग में निवेश कर फायदा पहुंचाने का झांसा देकर उनसे एक करोड़ 11 लाख 25 हजार रुपए की ठगी की है। आरोपी का साथी प्रवीण अभी फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। न्यू राजेंद्र नगर थाना से मिली जानकारी के अनुसार भिलाई-3 निवासी भागीरथी यादव ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कमल विहार रायपुर निवासी अभिलाष मसीह एवं अभिषेक की प्रवीण मसीह से मुलाकात हुई थी। इस दौरान दोनों ने शेयर ट्रेडिंग एवं क्रिप्टो ट्रेडिंग में निवेश कर दो से तीन गुना फायदा होने की बात कही थी। उसके झांसे में आकर भागीरथी सहित अन्य कई लोगों ने अपने पैसे निवेश किए थे। पुलिस के अनुसार दोनों आरोपियों ने भागीरथी सहित अन्य लोगों से कुल एक करोड़ 11 लाख 25 हजार रुपए की ठगी की और फरार हो गए थे। इनमें से अभिलाष को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया है, वहीं अभिषेक अभी भी फरार है।

## आवारा कुत्तों का आतंक बढ़ा माना में दो लोगों को काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर तथा इससे लगे आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। रायपुर शहर में जहां वीआईपी कालोनियों को छोड़कर अन्य सभी वार्डों में आवारा कुत्तों के आतंक से लोग खौफ में हैं, वहीं शहर से करीब 10 किलोमीअर दूर माना क्षेत्र में कुत्तों का अब आतंक देखा जा रहा है। जानकारी के अनुसार माना क्षेत्र में एक ही दिन में दो लोगों को एक पागल कुत्ते ने काट लिया है। हालांकि खबर यह भी है कि इस क्षेत्र में दो नहीं, बल्कि कई लोगों को पागल कुत्ते ने अपना शिकार बनाया है। इस क्षेत्र के भाजपा नेता एवं डा. बिश्वास ने बताया कि माना क्षेत्र में कुत्तों का आतंक के साथ आवारा मवेशियों से भी लोग परेशान हैं।

**आवारा मवेशियों के कारण कई लोग घायल हो चुके-** उन्होंने बताया कि आवारा मवेशियों का सड़कों पर दिन-रात जमावड़ा लगा रहता है। इसके कारण सड़क दुर्घटनाएं भी हो रही है। कई दोपहिया वाहन सवार लोग मवेशियों के कारण गिरकर घायल हो चुके हैं।

### रात में निकलने में लगता है डर

डा. बिश्वास ने बताया कि माना क्षेत्र में आवारा कुत्तों के कारण लोगों को अब रात के समय में घर से निकलने और सड़क पर चलने में डर लगने लगा है। आवारा कुत्तों का झुंड कभी भी लोगों पर हमला कर सकता है। उन्होंने कहा कि भोजन नहीं मिलने और बीमारी के कारण कई कुत्ते पागल भी हो रहे हैं, जिसके कारण अब वे लोगों को काटने लगे हैं। उन्होंने बताया कि माना नगर पालिका ने आवारा कुत्तों और मवेशियों को पकड़ने के लिए वाहन क्रय किया है, लेकिन इसके बाद भी उन्हें पकड़ा नहीं जा रहा है। इससे पूरे माना में दहशत का माहौल है।

## तीन तलाक सहित भारत के नए आपराधिक कानून पढ़ेंगे विद्यार्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने 2026-27 सत्र से लीगल स्टडीज के पाठ्यक्रम में धारा 377 को निरस्त करने, ट्रिपल तलाक और देशद्रोह जैसे पुराने कानून खत्म करने तथा भारत के नए आपराधिक कानूनों को शामिल करने का निर्णय लिया है। सीबीएसई के पाठ्यक्रम समिति ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी, जिसे जून में गवर्निंग बॉडी ने भी स्वीकृति दे दी। अब सीनियर सेकेंडरी के छात्र उपनिवेशकालीन कानूनों की जगह आए नए प्रावधानों, महत्वपूर्ण फैसलों और कानूनी सिद्धांतों का अध्ययन करेंगे, जिन्होंने भारत की न्याय व्यवस्था को नया रूप दिया है। मिनट्स ऑफ मीटिंग के अनुसार, लीगल स्टडीज की कक्षाएं 11वीं में 2013 और 12वीं में 2014 से शुरू हुईं थीं। तब से भारत के कानूनी ढांचे में बड़े बदलाव हुए हैं, जिनमें 2023-24 में भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह क्रमशः भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम शामिल है।

## राजिम तक ट्रेन चलाने आज अंतिम सेफ्टी टेस्ट, पटरी से लेकर प्लेटफार्म तक यात्री सुविधा की होगी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजिम और रायपुर के बीच ट्रेन दौड़ाने की उलटी गिनती शुरू हो गई है। आज रेल मंडल के अधिकारी पटरियों से लेकर प्लेटफार्म तक यात्री सुरक्षा की जांच करेंगे। इससे पहले रेलवे की ओर से एक बार निरीक्षण हो चुका है और संचालन की अनुमति भी मिल चुकी है, लेकिन यह मंडल स्तर में 'फाइनल चेक' यात्री सुरक्षा की मुहर लगाने के लिए होगा। बता दें कि राजिम स्टेशन का निर्माण पूरा हो चुका है। प्लेटफार्म पर बैठने की व्यवस्था, पानी, शौचालय जैसी सुविधाओं के साथ-साथ तकनीकी पहलुओं की भी बारीकी से जांच होगी। सीनियर डीसीएम अवधेश त्रिपाठी के अनुसार, पहली जांच में ट्रेन परिचालन को हरी झंडी मिल चुकी है, अब सभी कोणों से अंतिम जांच के बाद जैसे ही राज्य और केंद्र से उद्घाटन की तारीख तय होगी, ट्रेन पटरियों पर दौड़ने लगेगी।



### तीन मेमू ट्रेनों का संचालन

- पहली सेवा- रायपुर से प्रस्थान: 04:45 बजे, राजिम आगमन: 06:20 बजे, राजिम से वापसी: 06:45 बजे, रायपुर वापसी: 08:02 बजे
- दूसरी सेवा- रायपुर से प्रस्थान: 09:00 बजे, राजिम आगमन: 10:35 बजे, राजिम से वापसी: 11:10 बजे, रायपुर वापसी: 11:45 बजे
- अंतिम सेवा- रायपुर से प्रस्थान: 16:20 बजे, राजिम आगमन: 18:00 बजे, राजिम से वापसी: 19:20 बजे, रायपुर वापसी: 20:15 बजे

### अभनपुर-राजिम होंगे बड़े स्टेशन

रायपुर से राजिम रेल खंड में अभनपुर और राजिम को बड़े स्टेशन के रूप में विकसित किया गया है। अभनपुर जंक्शन होने के कारण भविष्य में यहां एक्सप्रेस ट्रेनें भी रुक सकेंगी। वहीं, राजिम स्टेशन पर 15 से 18 कोच की एक्सप्रेस ट्रेनों के हिसाब से प्लेटफार्म की लंबाई बढ़ाई गई है। अभनपुर में आपात स्थिति में ट्रेन खड़ी करने के लिए भी यह प्लेटफार्म इस्तेमाल किया जा सकेगा। यहां दो प्लेटफार्म की सुविधा है, जो लंबे समय तक खाली ट्रेन खड़ी करने के लिए भी उपयुक्त है। इससे भविष्य में इस रूट की संचालन क्षमता और यात्री सुविधाएं, दोनों बढ़ जाएंगी।

### 1 घंटे 30 मिनट में रायपुर से राजिम

रायपुर से राजिम के बीच शुरू हुई नई ट्रेन सेवा यात्रियों के लिए राहत लेकर आई है। अब इस मार्ग पर सफर न सिर्फ तेज होगा, बल्कि सस्ता भी। जहां बस से यह दूरी तय करने में करीब 2 घंटे और 50 रुपये का खर्च आता था, वहीं ट्रेन से यह सफर सिर्फ 1 घंटा 30 मिनट में पूरा हो सकेगा। ट्रेन का किराया 20 से 25 बीच होगा। खास बात यह है कि छोटे स्टेशनों पर ट्रेन का ठहराव सिर्फ 2 मिनट का होगा, जिससे यात्रा और भी आसान व सुविधाजनक बनेगी। सुरक्षा आयुक्त की ओर से पहले ही ट्रायल रन की अनुमति दी जा चुकी है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ट्रेनों की टाइमिंग इस तरह तय की गई है कि सुबह स्कूल और दफ्तर जाने वालों, दोपहर में लौटने वालों और शाम को सफर करने वालों सभी को इसका फायदा मिले।

## प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संबंध में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



ऑडिटोरियम सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस में मंगलवार को प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संदर्भ में जागरूकता कार्यक्रम हुआ। यह कार्यक्रम कर्मचारी भविष्यनिधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय रायपुर में आंचलिक कार्यालय से दो दिवसीय निरीक्षण दौरे पर आए हुए अपर केंद्रीय भविष्यनिधि आयुक्त वी. रंगनाथ की अध्यक्षता में किया गया। इसी दौरान वी. रंगनाथ ने प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के संबंध में चर्चा करते हुए बताया कि केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण क्षेत्र में नए रोजगार सृजन, कामगारों के लिए सामाजिक सुरक्षा क्षेत्र का विस्तार करने और उन्हें आर्थिक स्थिरता प्रदान करने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना की घोषणा की गई है।

उन्होंने आगे बताया कि इस योजना के अंतर्गत पहली बार नौकरी लगने और कर्मचारी का यूएएन जनरेट होने पर कर्मचारी को प्रोत्साहन के तौर पर 6-6 महीनों के अंतराल में दो किस्तों में अधिकतम 15 हजार की राशि प्रदान की जाएगी और दूसरी ओर भविष्य निधि अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत संस्थानों के नियोक्तओं को नए रोजगार सृजन पर एवं 6 माह के समापन पर प्रति कर्मचारी अधिकतम 3 हजार की प्रोत्साहन राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। इस योजना के क्रियान्वयन से नए रोजगारों के सृजन के साथ ही कामगारों को आर्थिक स्थिरता प्राप्त होगी। इस योजना का लाभ 1 अगस्त से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित रोजगार पर लागू होगा, जिसके अंतर्गत एक लाख रुपए तक वेतन पाने वाले कर्मचारी ही इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। कार्यक्रम में उरला उद्योग संघ के अश्विन गर्ग, महेश कक्कड़ समेत नियोक्ता, कन्फेडरेशन ऑफ आल इंडिया ट्रेडर्स, नियोक्ता संघ के प्रतिनिधि, चैंबर ऑफ कामर्स के सदस्यों, कर्मचारी संघों के प्रतिनिधियों एव यूनियन प्रतिनिधियों ने मुख्य रूप से भाग लिया।

- योजना का लाभ 1 अगस्त से 31 जुलाई 2027 के बीच सृजित रोजगार पर लागू होगा

## सतनामी समाज की 251 प्रतिभाओं का सम्मान



**रायपुर।** सतनामी समाज के लोगों ने सोमवार को अपने गुरुमाता व प्रदेश की प्रथम महिला सांसद होने का गौरव प्राप्त स्व. मिनीमाता की 53वीं पुण्यतिथि पर स्मृति दिवस व प्रतिभा सम्मान का आयोजन किया। यह कार्यक्रम गुरु घासीदास साहित्य एवं संस्कृति अकादमी तथा राजश्री सद्भावना समिति की ओर से सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में हुआ। कार्यक्रम में समाज के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों सहित शिक्षा, चिकित्सा, कृषि, वीरता, विधि, पत्रकारिता, कला, साहित्य तथा समाजोत्थान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रदेश के अलग-अलग जिलों की महिलाओं, 10वीं-12वीं बोर्ड के प्रतिभावान बच्चों, नीट चयनित व खेल जगत से जुड़ी हुई हस्तियों सहित कुल 251 प्रतिभाओं को शॉल, श्रीफल, प्रशस्ति पत्र, प्रतीक चिन्ह, साड़ी, कॉपी, पेन सेट तथा बुके भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने कहा कि शोषण, भेदभाव तथा अत्याचार से मुक्त समतामूलक समाज के निर्माण में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आयोजन समिति अध्यक्ष केपी खण्डे एवं प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि कार्यक्रम को बिलाईगढ़ की विधायक कविता प्राण लहरे, राजश्री सद्भावना समिति की अध्यक्ष शकुन डहरिया, दिनेश साध मुंबई, बाबा कमलेश दास कोटवाधाम उ.प्र., ज्योति लाल बंजारे, मदन सतनामी ने संबोधित किया। सम्मानित होने वाले सामाजिक जनप्रतिनिधियों में नगरपालिका अभनपुर के अध्यक्ष उत्रसेन गहिरवारे तथा मंदिर हसौद पालिका अध्यक्ष गोपाल चतुर्वेदी भी शामिल थे।

**कार्यक्रम में ये रहे उपस्थित-** इस अवसर पर कार्यक्रम में अध्यक्ष केपी खंडे, डॉ. जेआर सोनी, सुंदरलाल जोगी, चंपादेवी गेंदले, केएन भारद्वाज, डीएस पात्रे, एमडी माहिलकर, आरके गेंदले, सहित सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

- वृंदावन हॉल में मनाया मिनीमाता स्मृति दिवस

## पेज 11 के शेष

### ड्रग कनेक्शन से जुड़े...

गोकुल नगर निवासी हुसैन खान उर्फ मुर्गी, आजाद चौक निवासी मोहम्मद फोरात अब्बास, सुंदर नगर निवासी शिशिर राय, कटोरातालाब निवासी संतोष धनवानी, गोलबाजार निवासी सैयद आसिफ अली को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिन लोगों को गिरफतार किया है, उन लोगों द्वारा ड्रग का सेवन किया जाता था। साथ ही उनके द्वारा भारी मात्रा में ड्रग खरीदी किए जाने के बारे में पुलिस को जानकारी मिली। इसके बाद पुलिस ने उन सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, तो उन लोगों ने ड्रग सेवन करने के लिए पैसों की व्यवस्था करने ड्रग बेचने का अपराध कबूल किया।

### 'फार्मा सही दाम' अब...

निर्माता/कंपनी विवरण देखना तथा दवाओं की अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी), अनुशंसित मूल्य, और निर्धारित दरें देखने की सुविधाएं शामिल हैं। एनपीपीए दवाओं के फार्मूला और कीमतों को तय करने के साथ उसके संशोधन का काम करता है।

### दवा कारोबारी भी...

दवा खोज, शिकायत पंजीकरण एवं शिकायत की स्थिति देखने की सुविधा है, एंड्रॉइड व आईओएस दोनों प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। क्यूआर कोड स्कैन कर त्वरित डाउनलोड सुविधा भी है।

## खबर संक्षेप

### शहर में हल्की बरसात आज से बढ़ेगा प्रभाव

**रायपुर।** लंबे इंतजार के बाद मंगलवार को प्रदेश के मौसम में मामूली बदलाव हुआ। छाए बादल दो बार हल्के से मध्यम रूप में बरसे, जिससे थोड़ी राहत मिली। प्रदेश में बुधवार से बारिश का प्रभाव बढ़ने की संभावना खासकर बस्तर में दो दिन भारी वर्षा का अलर्ट मौसम विभाग ने जारी किया है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक बंगाल की खाड़ी में अगले चौबीस घंटे में सिस्टम बनने की संभावना है, जिससे प्रदेश में बारिश की संभावना बनी हुई है। इसका ज्यादा असर बस्तर के इलाके में होने के आसार हैं और मौसम विभाग द्वारा अगले 48 घंटे के लिए भारी वर्षा का अलर्ट जारी किया गया है।

### मवेशी से टकराकर वाहन चालक की मौत, केस दर्ज

**रायपुर।** तेलीबांधा पुलिस ने मवेशी से टकराकर घायल हुए वाहन चालक की मौत के मामले में अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 5 अगस्त को दोपहर में फुंडहर चौक के पास घटी। मृतक गुलशन कुमार बंजारे निवासी ग्राम नकटी दोपहिया वाहन से जा रहा था। इसी दौरान फुंडहर चौक के पास रोड पर खड़ी एक गाय से उसकी वाहन टकरा गई, जिससे गिरकर उसे गंभीर चोट आई थी।

### पंचर बनवाने पहुंचे युवक को दुकानदार ने पीटा

**रायपुर।** उरला पुलिस ने मारपीट के मामले में एक पंचर बनाने वाले दुकानदार के विरुद्ध अपराध दर्ज किया है। घटना 11 अगस्त के दोपहर 2 बजे कन्हेरा डागा पेट्रोल पंप के पास की है। प्रार्थी खुमेंद्र पटेल ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके ट्रक का टायर पंचर हो गया था, जिसे बनवाने के लिए वह राजेश टॉयर दुकान पहुंचा। पंचर बनवाने के बाद पंचर के पैसे को लेकर दुकान के मालिक और अन्य एक व्यक्ति ने विवाद करते हुए उसके साथ मारपीट की। इससे उसे चोट आई है।

# चांदी के जेवरों में भी हॉलमार्किंग की तैयारी, 83.50 से 99 फीसदी शुद्धता को श्रेणी बनाने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अलग खबर

सोने के जेवरों के बाद अब जल्द ही चांदी के भी जेवरों में हॉलमार्किंग की तैयारी प्रारंभ हो गई है। मंगलवार को भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने एक बड़ा फैसला लेते हुए निर्देश जारी किया है कि चांदी में अब 6 डिजिट वाली एचयूआईडी हॉलमार्किंग लागू होगी और यही हॉलमार्क वाली चांदी के गहनों की खरीदी बिक्री होगी। माना जा रहा है कि यह अगले माह से लागू हो सकता है। इसके साथ ही अब पुरानी प्रक्रिया पर रोक लग जाएगी। बाजार में व्यापारी व ग्राहक को इससे फायदा ये होगा कि शुद्धता का प्रमाण तय होगा, धोखाधड़ी से बचा जा सकेगा, विश्वास मजबूत होगा और अंतरराष्ट्रीय मान्यता रहेगी। चांदी के जेवरों में भी सोने की तरह छह श्रेणियां 83.5 से 99 फीसदी शुद्धता की रखे जाने की संभावना है।

### भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने निर्देश किए जारी






#### सोने में अब सात श्रेणियां

उल्लेखनीय है सोने में 14,18,20,22,23 व 24 कैरेट के गहने हॉलमार्क वाले ही बिका करते थे अब बीआईएस ने 9 कैरेट वाले सोने को भी इस ग्रेड में ला दिया है। इसके अब सोने में सात श्रेणिया हो गई हैं। हालांकि पहले यह जरूरी नहीं था। अब सोने व चांदी के गहनों में हॉलमार्क लागू हो जाने से शुद्धता पूरी तरह से प्रमाणित होगी। संभावित धोखाधड़ी से बचा जा सकेगा।

बीआईएस के इस फैसले का व्यापारी स्वागत कर रहे हैं। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू का कहना है इससे जहां चांदी के गहनों की शुद्धता प्रमाणित होगी, वहीं फर्जीवाड़ा पर भी रोक लगेगी। इसमें ग्राहक बीआईएस के केयर ऐप में हॉलमार्क का डिजिट अपलोड कर आसानी से शुद्धता परख सकेंगे। जैसा कि बीआईएस की ओर से बताया गया है कि 6 ग्रेड चांदी ज्वेलरी पर लागू होगा हालमार्क। उससे ऐसा अनुमान है कि 83.50, 80.00, 90.00,92.50,97.00 और 99.00 फीसदी शुद्धता का ग्रेड लागू होगा। वैसे तो चांदी में हॉलमार्क लागू है लेकिन यह नई प्रक्रिया अब जल्द ही लागू हो जाएगी। हॉलमार्क एक प्रमाणन चिह्न है जो सोने और चांदी के गहनों की शुद्धता को प्रमाणित करता है। जो यह सुनिश्चित करता है कि उक्त गहने बीआईएस द्वारा निर्धारित मानकों को पूरा करते हैं। जिसे आप कहीं पर भी आसानी से खरीदी-बिक्री कर सकते हैं।

### शासकीय कर्मचारी घोषित करने सहित 12 सूत्रीय मांग

# मितानिन का जिला स्तरीय धरना, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आज करेंगी प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर की 72 हजार मितानिन अपनी 3 सूत्रीय मांग को लेकर इन दिनों जिला स्तरीय प्रदर्शन कर शासन का ध्यान आकर्षित करने जुटी हैं। मंगलवार को सुकमा जिले से बड़ी संख्या में मितानिन, मितानिन प्रशिक्षक, हेल्प डेस्क फेसिलेटर और ब्लाक को आर्डिनेटर नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर आंदोलन में

शामिल हुए। छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य मितानिन संघ के आव्हान पर मितानिन राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन में संविलयन सहित 3 सूत्रीय मांग को लेकर कलमबंद काम बंद हड़ताल कर अपने मांगों को मनवाने डटी हुई हैं। इधर छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़की कार्यकर्ता सहायिक कल्याण संघ ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं को शासकीय कर्मचारी घोषित करने सहित 12 सूत्रीय मांगों लेकर 13 अगस्त को एक दिवसीय प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन का ऐलान किया है, जिसमें बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका आंदोलन में शामिल होंगी। संघ के प्रांताध्यक्ष पदमावती साहू, जिला अध्यक्ष भुवनेश्वरी तिवारी ने संयुक्त पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शासन की 16 तरह की योजनाओं को मूर्त रूप देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को मात्र 10 हजार रुपये और सहायिका 5 हजार प्रति माह मानदेय राशि दिया जाता है, जो कि बढ़ती महंगाई के हिसाब से बहुत कम है। इस राशि से परिवार का गुजारा चलाना मुश्किल हो गया है। हमारी प्रमुख मांग ये है कि कार्यकर्ता सहायिकाओं को तत्काल शासकीय कर्मचारी घोषित किया जाए।

#### शहर से 20 किलोमीटर धरना स्थल, बारी-बारी से जिला स्तरीय धरना

शहर से 20 किलोमीटर दूर नवा रायपुर के तूता धरना स्थल पर प्रदर्शनकारियों के लिए न आसपास भोजनालय की व्यवस्था है, न मूलभूत जरूरत के साधन। इसके बाद भी मितानिन बारी-बारी से वहां प्रदेश के विभिन्न जिलों से अपने लंबित मांगों को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने पहुंच रही है। सुबह से शाम तक धरना प्रदर्शन के बाद अपने गंतव्य तक पहुंच पाना आसान नहीं है ऐसे में उन्हें धरना स्थल पर डोम के नीचे रात गुजारने की नौबत आ रही है।



#### धरना स्थल पर दिन में प्रदर्शन, दोपहर और रात को भूख मिटाने रसोई

*प्रदेश के दूरस्थ अंचल से अलग-अलग जिलों से मितानिन अपने हक की आवाज बुलंद करने अनजान शहर में डेरा डाले हुए हैं। जहां उनके ठहरने से लेकर आराम करने और भोजन बनाने की जगह के नाम पर तूता का धरना स्थल है। अपने साथ रसोई का समान वे साथ लेकर पहुंची है। आपस में थोड़ी-थोड़ी राशि जुटाकर वे भूखे पेट के लिए भोजन का प्रबंध डोम के नीचे करती नजर आयी। ये महिलाएं पिछले दो दिन से सुकमा जिले से धरना प्रदर्शन में शामिल होने तूता के धरना स्थल में रूकी हुई हैं। सोमवार को इन्होंने बस्तर संभाग के संभाग स्तरीय धरना में सहभागिता निभाई। इस दौरान मितानिन आपस में मिलकर वहीं ईंट का चूल्हा बनाकर रसोई तैयार कर अपने जैसे दूसरी मितानिनों के भोजन की व्यवस्था की। मंगलवार को जिला स्तरीय प्रदर्शन में वे शामिल हुईं।*

# फार्मासिस्ट भर्ती परीक्षा स्थगित 8 माह देर से होंगे पर्चे, दोबारा खुला आवेदन पोर्टल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उच्च न्यायालय के निर्णय के बाद व्यापम ने 31 अगस्त को होने वाली फार्मासिस्ट भर्ती परीक्षा स्थगित कर दी है। परीक्षा की संभावित तिथि 12 अप्रैल 2026 तय की गई है। इस तरह से अब परीक्षा लगभग 8 माह की देर से होगी। हाईकोर्ट के फैसले के आधार पर यह बदलाव किया गया है। गौरतलब है कि प्रदेशस्तरीय फार्मासिस्ट भर्ती में स्वास्थ्य विभाग ने केवल डिप्लोमा इन फार्मेसी अर्थात डीफार्मा की उपाधि रखने वाले युवाओं से आवेदन मंगाए थे। बीफार्मा और एमफार्मा की उपाधि वाले युवाओं को आवेदन की पात्रता नहीं थी। बीफार्मा और एमफार्मा डिग्रीधारी युवाओं ने इसके विरोध में न्यायालय में याचिका दायर की थी। न्यायालय ने बीफार्मा और एमफार्मा डिग्रीधारियों को भी उक्त भर्ती प्रक्रिया में पात्र करने एवं आवेदन की तिथि को बढ़ाए जाने राज्य शासन को आदेश दिया था।

■ 31 अगस्त को होनी थी फार्मासिस्ट भर्ती परीक्षा, अब 12 अप्रैल 2026 को आयोजन

पूर्व में स्वास्थ्य संचालनालय के अंतर्गत रिक्त फार्मासिस्ट सहायक ग्रेड-2 के पदों पर 1 से 25 जुलाई तक आवेदन मंगाए गए थे। उस दौरान केवल डीफार्मा वाले छात्रों को ही आवेदन की पात्रता थी। अब 12 अगस्त से 1 सितंबर तक व्यापम ने पुनः पोर्टल खोल दिए हैं। एमफार्मा और बीफार्मा वाले भी अब आवेदन कर सकेंगे। जो अभ्यर्थी पहले ही आवेदन कर चुके हैं, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। आवेदन के बाद त्रुटि सुधार के लिए 2 से 4 सितंबर तक का समय दिया जाएगा।

#### 35 हजार से अधिक पंजीकृत

वर्तमान में प्रदेश में पंजीकृत फार्मासिस्टों की संख्या 35800 है, ऐसे में हजारो फार्मासिस्ट परीक्षा से वंचित रह जाते। न्यायालय में परिवाद दायर करने से पूर्व इंडियन फार्मासिस्ट एसोसिएशन ने स्वास्थ्य विभाग को भी खत लिखा था। करीब नौ साल बाद प्रदेश में फार्मासिस्ट की भर्ती हो रही है। मात्र 25 पदों के लिए हो रही इस भर्ती परीक्षा के लिए हजारों की संख्या में आवेदन मिलने की संभावना है। ऐसे में व्यापम द्वारा परीक्षा केंद्र सहित अन्य व्यवस्थाओं के लिए तिथि लगभग 8 माह आगे खिसका दी गई है।

## बिजनेस साइट

### त्योहारों पर वरुण होंडा में खास ऑफर्स की भरमार

**रायपुर।** राज्य के पहले होंडा डीलर वरुण होंडा ने ग्राहकों को त्योहारी सीजन पर खास तोहफों और ऑफर्स की सौगात दी है। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गणेशोत्सव के अवसर पर 9 अगस्त से 8 सितंबर 2025 तक एक विशेष लकी ड्रॉ का आयोजन किया जा रहा है। वरुण होंडा के सीईओ राघवेंद्र सिंह ने बताया कि इस लकी



ड्रॉ में भाग लेने वाले ग्राहकों को फ्रिज, एलईडी टीवी, माइक्रोवेव, कूलर जैसे कई आकर्षक उपहार जीतने का मौका मिलेगा। साथ ही हर वाहन की खरीदी पर ग्राहकों को एक सुनिश्चित उपहार भी दिया जाएगा। श्री सिंह ने कहा, हमारा हमेशा से प्रयास रहा है कि ग्राहक सिर्फ एक वाहन न लें, बल्कि उन्हें ऐसा अनुभव मिले, जो त्योहारों की खुशी को और भी खास बना दे। इसी उद्देश्य से हमने यह ऑफर तैयार किया है।

### मैट्स विश्वविद्यालय के छात्रों का आदिवासी संग्रहालय नवा रायपुर में शैक्षणिक भ्रमण

**रायपुर।** गुल्लू आरंग स्थित मैट्स विश्वविद्यालय के कला संकाय तृतीय सेमेस्टर के छात्रों ने प्राचार्य डॉ. एजे खान के दिशा-निर्देशन में नवा रायपुर स्थित छत्तीसगढ़ आदिवासी संग्रहालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। यह भ्रमण नई शिक्षा नीति के अंतर्गत छात्रों को छत्तीसगढ़ की जनजातीय संस्कृति से अवगत कराने के उद्देश्य से आयोजित किया



गया। संग्रहालय में विद्यार्थियों ने गोंड, बैगा, मुरिया, कोरवा सहित 43 जनजातियों की पारंपरिक वेशभूषा, आभूषण, वाद्ययंत्र, चित्रकला, धार्मिक अनुष्ठानों से जुड़ी सामग्री एवं रहवास को देखा। इस भ्रमण से छात्रों को व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त हुआ और उन्होंने स्थानीय सांस्कृतिक विरासत में रुचि दिखाई। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सुरुचि बंसल ने किया, जिसमें सहायक प्राध्यापक उमेश कुमार साहू, बाबूलाल साहू व श्वेता भारद्वाज ने सहयोग प्रदान किया।

### आईएसबीएम विश्वविद्यालय में एंटी रैगिंग सप्ताह का आयोजन

**रायपुर।** आईएसबीएम विश्वविद्यालय में यूजीसी प्रायोजित एंटी रैगिंग सप्ताह का उद्घाटन समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्परिणामों से अवगत कराना था, ताकि शिक्षण परिसर का माहौल भयमुक्त एवं



सौहार्द्रपूर्ण बना रहे। समारोह की अध्यक्षता कुलसचिव डॉ. बीपी भोल ने की एवं मुख्य वक्ता रिसर्च एक्सपर्ट प्रतीक्षा जी रहीं। डॉ. भोल ने रैगिंग को दंडनीय अपराध बताते हुए इसे विश्वविद्यालय के वातावरण के लिए हानिकारक कहा। डॉ. एन. कुमारस्वामी ने छात्रों को रैगिंग से दूर रहने व जूनियर्स के प्रति मित्रवत व्यवहार की सलाह दी। डॉ. शुभाशीष बिस्वास ने रैगिंग को मानसिक व शैक्षणिक विकास में बाधक बताते हुए इसे समाप्त करने पर जोर दिया। प्रतीक्षा ने रैगिंग के सामाजिक और मानसिक प्रभावों पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. अश्वनी कुमार साहू ने किया एवं संचालन ट्विंकल दीपक ने संभाला। कार्यक्रम में सभी संकायों के प्राध्यापक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।







# एमबीबीएस-बीडीएस एडमिशन, पहले राउंड में 6494 अभ्यर्थी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन और संस्था चयन की लंबी प्रक्रिया के बाद काउंसिलिंग कमेटी ने मंगलवार को एमबीबीएस और बीडीएस प्रवेश के लिए मेरिट लिस्ट जारी कर दी है।

पहले राउंड की काउंसिलिंग में शामिल होने 6494 लोगों ने अपना पंजीयन कराया है। प्रावीण्य सूची के आधार पर 14 को सीट आवंटन की सूची प्रकाशित होगी और 18 से 23 अगस्त के बीच एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा काउंसिलिंग के लिए दो बार विद्यार्थियों के पंजीयन और संस्था चयन की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया था। इस बार विभिन्न कयास के बीच मंगलवार को रजिस्ट्रेशन के आधार पर मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया गया, जिसमें करीब 65 सौ लोग शामिल हैं। पंजीयन और संस्था चयन के आधार पर बनायी गई इस मेरिट लिस्ट में शामिल विद्यार्थियों को राज्य कोटे की सीट आवंटित होगी और टॉपरों को शासकीय मेडिकल कालेज रायपुर की सीट मिलेगी। चिकित्सा शिक्षा विभाग के शेड्यूल के अनुसार इस मेरिट लिस्ट के आधार पर बुधवार को सीट आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी और 14 अगस्त को इसका प्रकाशन किया जाएगा।

वर्तमान में राज्य के दस शासकीय और चार निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में राज्य और प्रबंधन कोटे की 1733 सीट है, इसके अलावा एनआरआई कोटे की करीब 91 सीटों पर प्रवेश की प्रक्रिया चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पूरी की जाएगी।

#### हर राउंड में पंजीयन ताकि मौका न चूके योग्य अभ्यर्थी

इस बार काउंसिलिंग के दौरान अभ्यर्थियों को प्रत्येक चरण में ऑनलाइन आवेदन और संस्था चयन का विकल्प दिया गया है। इसका उद्देश्य है कि किसी राउंड के दौरान योग्य अभ्यर्थी काउंसिलिंग में शामिल नहीं हो सके हैं, तो दूसरे दौर में उन्हें मौका मिल सके। पूर्व में पंजीयन की प्रक्रिया एक बार पूरी की जाती थी, जिसके माध्यम से मॉपअप राउंड तक एडमिशन होता था। उस दौरान ऑल इंडिया कोटे से एडमिशन लेने से चूकने पर अभ्यर्थी को राज्य की काउंसिलिंग से बाहर रहने का जोखिम उठाना पड़ता था।

#### नीट के स्टेट टॉपर पहले राउंड में नहीं

नीट के परिणाम में छत्तीसगढ़ के टॉप में आने वाले 14 विद्यार्थी पहले राउंड की काउंसिलिंग में शामिल नहीं हुए। अनुमान लगाया जा रहा है कि इन विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया कोटे की सीट के लिए दावेदारी की है। राज्य के टॉपर का प्राप्तांक 618 से 596 अंक वाले विद्यार्थियों को अभा. नियतांश की सीट मिलने की संभावना है। पंजीयन के आधार पर चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा पहले राउंड के लिए जारी सूची में पहले स्थान पर 586 अंक प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी को रखा गया है जो नीट की स्टेट मेरिट लिस्ट में 15वें स्थान पर है।

## राजधानी में जुटेंगे देशभर के 1000 से अधिक चुनिंदा बुनकर, नवाचारों पर मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के जैनम भवन में सहकार भारती के बुनकर प्रकोष्ठ का पहला दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन 23 अगस्त से आयोजित है। इसमें देशभर से 1 हजार से ज्यादा चुनिंदा बुनकर हिस्सा लेंगे। इस मौके पर बुनकर उद्योग की वर्तमान चुनौतियां और भविष्य की संभावनाओं पर विचार मंथन होगा। सहकार भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. उदय जोशी ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया,



उद्घाटन सत्र में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आ सकते हैं, इसके साथ ही केन्द्रीय उद्योग मंत्री गिरिराज सिंह आयोजन में शामिल होंगे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए डॉ. उदय जोशी ने कहा कि सहकार भारती देश का एकमात्र ऐसा स्वयंसेवी संगठन है, जो बिना संस्कार नहीं सहकार के ध्येय वाक्य को लेकर सहकारिता के क्षेत्र में काम कर रहा है।

## चर्च पर हमलों को लेकर मसीही समाज का फूटा गुस्सा, रैली निकाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी में मंगलवार को संयुक्त ईसाई समाज ने रैली निकाली। इस रैली को न्याय यात्रा का रूप देते हुए समाजजनों ने चर्च पर हो रहे हमले को लेकर जमकर नाराजगी जताई, साथ ही धर्मान्तरण के झूठे केस वापस लेने की मांग की है। रैली में रायपुर सहित आसपास से आए मसीही समाज के लोगों ने धार्मिक स्थल और ईसाई समुदाय पर हो रहे हमलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। दरअसल, मूल निवासी संघ के तत्वावधान में मसीही समाज



ने राजधानी के मोतीबाग चौक के सुभाष स्टेडियम से महिला थाना होते हुए कालीबाड़ी चौक, बैजनाथ पारा होते हुए रैली निकालकर गांधी मैदान में सभा की। सभा को समाज प्रमुखों ने संबांधित किया। रैली की अगुवाई कर रहे समाज के पदाधिकारियों ने कहा कि धर्मान्तरण के नाम पर दर्ज सभी फर्जी केस को तुरंत वापस लिया और धार्मिक स्थल पर हमला करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई हो।

# चयन सूची में नाम, फिर भी नहीं आए 208 कैंडिडेट्स, प्रयोगशाला सहायक के सिर्फ 2 उम्मीदवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला शिक्षा कार्यालय द्वारा स्वामी आत्मानंद विद्यालय में संविदा नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दस्तावेज परीक्षण का मंगलवार को दूसरा दिन रहा। पहले दिन जहां आधे से अधिक कैंडिडेट्स अनुपस्थित रहे, वहीं दूसरे दिन भी उपस्थिति का आंकड़ा कुछ बेहतर नहीं रहा। प्रथम दिवस व्याख्याता के पदों के उम्मीदवारों का दस्तावेज परीक्षण रखा गया था। आमंत्रित किए गए 267 अभ्यर्थियों में से 118 ही उपस्थित रहे। शेष 149 कैंडिडेट्स शामिल नहीं हुए। दूसरे दिन सहायक शिक्षकों को दस्तावेज परीक्षण के लिए बुलाया गया था। बुलाए गए 272 कैंडिडेट्स में से सिर्फ 64 ही दस्तावेज परीक्षण के लिए पहुंचे।



#### फिजियोथेरेपिस्ट के लिए आवेदन 30 तक

समग्र शिक्षा कार्यालय द्वारा भी संविदा पदों पर भर्ती की जा रही है। जिला परियोजना कार्यालय के अंतर्गत धरसींवा ग्रामीण और आरंग क्षेत्र में फिजियोथेरेपिस्ट के एक-एक पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। इसके अतिरिक्त रायपुर क्षेत्र में आया अथवा हेल्पर के एक पद के लिए विज्ञापन निकाला गया है। फिजियोथेरेपिस्ट पद के लिए मान्यता प्राप्त संस्था से बैचलर ऑफ फिजियोथेरेपिस्ट की डिग्री होना अनिवार्य है। इसके साथ छग फिजियोथेरेपी परिषद में पंजीयन भी जरूरी है। हेल्पर पद के लिए न्यूनतम योग्यता 12वीं उत्तीर्ण तय की गई है। आवेदन स्पीड पोस्ट अथवा पंजीकृत पोस्ट के माध्यम से जिला समग्र कार्यालय में 30 अगस्त तक किए जा सकते हैं।



हरिभूमि

रायपुर, बुधवार 13 अगस्त 2025

लाइव

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02 दही-हांडी लूटने छत्तीसगढ़ समेत चार....

## लाइव इवेंट

## गांव की चौपालों में संवेदनशील मुद्दों पर बच्चों-महिलाओं में बढ़ रही जागरूकता



**रायपुर।** मार्मिक चेतना वेलफेयर सोसाइटी द्वारा लगातार जनकल्याण और जनजागरूकता के लिए विभिन्न स्थानों पर चौपाल का आयोजन किया जा रहा है। इन चौपालों में बच्चों और महिलाओं से जुड़े संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा की जाती है। संस्था के प्रयासों के तहत बच्चों को अच्छे स्पर्श और बुरे स्पर्श की पहचान सिखाई जाती है, साथ ही किसी भी तरह के बुरे स्पर्श की स्थिति में आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया जाता है। उन्हें आत्मरक्षा के सरल और तुरंत अपनाए जाने वाले उपायों का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। शिक्षा से जुड़ने और स्कूल जाने के लिए बच्चों में रुचि जगाने के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

### निशुल्क सैनेटरी पैड का वितरण

तेजस्विनी छात्रावास में निवासरत किशोरियों के लिए माहवारी से जुड़े मिथक, समस्याएं और समाधान विषय पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था की ओर से कई वर्षों से जारी अभियान के तहत माहवारी के समय स्वच्छता के महत्व, संक्रमण से बचाव और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता फैलाते हुए निशुल्क सैनेटरी पैड का वितरण किया गया। संस्था की अध्यक्ष अंकिता पांडेय शुक्ला ने किशोरियों के साथ खुलकर माहवारी पर चर्चा की और उन्हें स्वच्छ एवं स्वस्थ रहने के लिए जागरूक किया। साथ ही उन्होंने अपनी संस्कृति और धरोहर को संजोते हुए देश की प्रगति के लिए लक्ष्य निर्धारण और सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का संदेश भी दिया।

### शहरी क्षेत्र में बढ़ी अंगदान को लेकर जागरूकता, कई परिवारों ने अपनों की मृत्यु के बाद शरीर किया दान

# अंगदान के लिए 3 साल में 2755 ने कराया पंजीयन, युवाओं की भागीदारी सबसे ज्यादा, किडनी की मांग और इंतजार लंबा

मृत्यु के बाद शरीर के अंगदान से हर साल प्रदेश में जरूरतमंद लोगों को नया जीवन मिल रहा है। बीते पांच वर्षों में शहरी क्षेत्र में जागरूकता बढ़ी है। बड़ी संख्या में लोग खुद ही अंगदान के लिए पंजीयन करा रहे हैं, वहीं कई परिवारों ने भी मृत्यु के बाद अपनों का शरीर दान किया है।



**रायपुर।** विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर हरिभूमि टीम ने शहर के प्रमुख निजी और सरकारी संस्थानों के प्रतिनिधियों और अंगदान करने वाले परिजनों से खास बातचीत की। बीते पांच वर्षों में युवा, महिलाओं और पुरुष समेत सभी वर्गों में अंगदान के प्रति रुचि बढ़ी है। राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन और बढ़ते कदम संस्था के आंकड़ों के अनुसार 2007 में संगठन की स्थापना से अब तक कुल 968 लोगों ने अंगदान किया है। इन अंगदाताओं के शरीर से प्राप्त किए गए स्वस्थ अंगों को जरूरतमंद मरीजों में प्रत्यारोपित किया गया, जिससे कई लोगों को नया जीवन मिला। संस्थानों द्वारा लगातार जागरूकता अभियान, सेमिनार और स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से आमजनों को अंगदान का महत्व समझाने का प्रयास निरंतर जारी है।



### 18 साल में 212 अंगदान से जरूरतमंदों को मिली मदद

बढ़ते कदम संस्था बीते 18 वर्षों से निरंतर अंगदान को लेकर प्रदेशभर में जागरूकता फैलाने में जुटी हुई है। संस्थान के राजू झामनानी और अजय जयसिंघानी ने बताया कि वर्ष 2007 से अब तक संस्था के माध्यम से कुल 212 अंगदान और 745 नेत्रदान किए गए। वहीं करीब 350 लोगों ने भविष्य में अंगदान के लिए घोषणा कर पंजीयन भी कराया है। संस्था के अनुसार, पिछले 5 वर्षों में अंगदान के मामलों में जागरूकता बढ़ी है। ऐसे में कई संवेदनशील परिवारों ने परिजनों की मृत्यु के उपरांत उनके अंगदान का निर्णय लिया। अब तक ओडिशा, भोपाल, लखनऊ सहित छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों में अंगदान किया गया है।

### 2755 ने कराया अंगदान के लिए पंजीयन

विश्व अंगदान दिवस आज

राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन से गीतिका भट्टाचार्य ने बताया कि संगठन कुल 5 पंजीकृत सरकारी और 17 निजी अस्पतालों के साथ कार्य कर रहा है। अब तक तीन साल में 12 मृत्यु के बाद 21 किडनी, 7 लिवर, 5 हृदय वॉल्व और 1 लंग्स दान किया गया है। सोट्टो ने अब तक कॉलेजों, बैंकों, सरकारी एवं निजी संस्थानों, अस्पतालों, आकाशवाणी और दूरदर्शन के सहयोग से विस्तृत जनजागरूकता अभियान भी चलाया है। इसके परिणामस्वरूप अब तक 2755 लोगों ने अंगदान की प्रतिज्ञा ली है। जानकारी के मुताबिक 276 आवेदन तीन साल में स्वीकृत हुए हैं। इसके अलावा 183 जरूरतमंद मरीज अंगदान के लिए प्रतीक्षा सूची में है। साथ ही किडनी के लिए 151, लिवर के 21 व हाथ के 2 और मल्टीपल के लिए 1 मरीज को अंगदान मिलने का इंतजार है।



### आर्यांश की किडनी, लिवर व नेत्रदान से 5 को मिला नया जीवन



शहर के 18 वर्षीय आर्यांश आडिल की सड़क दुर्घटना में मृत्यु के बाद उनके पिता असीम कुमार आडिल ने मानवता की मिसाल पेश करते हुए अपने बेटे के अंगदान का फैसला लिया। उन्होंने बेटे की किडनी, लिवर और नेत्र दान कर पांच जरूरतमंद लोगों को नया जीवन प्रदान किया। हरिभूमि से चर्चा में बताया कि 29 जनवरी 2025 को आर्यांश ने जेईई की परीक्षा दी थी और घर लौटते समय कार की टक्कर से उसकी मौत हो गई। इस गहरे दुख के बावजूद हमने यह निर्णय लिया कि हमारे बेटे की मृत्यु व्यर्थ न जाए। हम चाहते थे कि आर्यांश की मदद से अन्य लोगों को जीवन मिले।

### अंगदान की शपथ लेकर समाज के लिए पेश की नई मिसाल



शहर में अंगदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है, ऐसे में डॉ. जेआर चौधरी ने वर्ष 2023 में अंगदान की शपथ लेकर समाज के लिए एक मिसाल पेश की है। चर्चा में डॉ. चौधरी ने बताया कि डॉक्टर होने के नाते यह मेरी नैतिक जिम्मेदारी है कि मैं खुद पहल करूं और लोगों को अंगदान के लिए प्रेरित करूं। अंगदान के जरिए किसी की मृत्यु के बाद भी दूसरों को जीवन दिया जा सकता है।

### जरूरतमंद परिवार को किडनी दान



दुर्ग जिले के 52 वर्षीय प्रशांत सिंह की मृत्यु के बाद उनकी बेटी शुमाली सिंह ने अपने पिता की किडनी दान करने का निर्णय लिया। बातचीत में शुमाली ने बताया कि 8 अगस्त 2025 को पिता की मृत्यु ब्रेन हैमरेज से हो गई। परिजनों की सहमति से पिता की किडनी दान की गई, ताकि किसी परिवार को अपनों को खोने का दुख न हो।

## सिटी इवेंट

## नन्हे बच्चों के कथक ने मोहा मन चित्रकला में रंगों से उकेरी मौलिकता



**रायपुर।** कृष्णा कॉलेज की ओर से पं. दीनदयाल ऑडिटोरियम में आयोजित झूम तराना महोत्सव के दूसरे दिन संगीत, चित्रकला और नृत्य में युवाओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई। कार्यक्रमों में देशभर के प्रतिष्ठित संस्थानों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिसमें जूनियर, सब-जूनियर, सीनियर श्रेणी के प्रतिभागी शामिल हुए। दर्शकों को संगीत व नृत्य की परंपरा और आधुनिक विधा देखने को मिली। हर प्रतिभागी ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों मंत्रमुग्ध कर दिया। संगीत प्रतियोगिता में 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों ने लोकगीत, बॉलीवुड, शास्त्रीय संगीत, भजन, गजल, देशभक्ति गीत गाकर दर्शकों व निर्णायकों से वाहवाही बटोरी।

कार्यक्रम में जूनियर वर्ग से श्री शंकरा स्कूल के प्रतिभागी ने प्रथम पुरस्कार जीता, जबकि कृष्णा विकास स्कूल और नारायणा स्कूल ने संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। तीसरे स्थान पर दौरा स्कूल और शिवम एजुकेशनल स्कूल रहे। सीनियर श्रेणी में नीरज इंटरनेशनल स्कूल ने पहला स्थान हासिल किया, जबकि मानसरोवर स्कूल दूसरे और कृष्णा पब्लिक स्कूल व रेडिएंट वे स्कूल संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर रहे। विजेताओं को प्रमाणपत्र के साथ ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।

### पश्चिमी नृत्य ने बटोरीं तालियां

चित्रकला प्रतियोगिता में 270 प्रतिभागियों ने भाग लिया। बेरंग गैलरी को बच्चों ने रंगों से जीवंत कर दिया। उन्होंने कई तरह के आर्ट बनाए और प्रस्तुत किए। इस प्रतियोगियता का मूल्यांकन डॉ. प्रवीण शर्मा, निदेशक, महाकौशल कला विद्यालय ने किया, जिन्होंने प्रतिभागियों की मौलिकता और सृजनात्मकता की सराहना की। दिन के मुख्य आकर्षण का केंद्र नृत्य प्रतियोगिता रही, जिसमें 80 प्रतिभागियों ने कथक, ओडिसी, लोकनृत्य, अर्धशास्त्रीय और पश्चिमी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों में बेहतरीन प्रशिक्षण, मुद्राओं और ऊर्जावान प्रस्तुति की झलक दिखी, जिसे दर्शकों की तालियों और उत्साह ने खूब सराहा। नृत्य और चित्रकला प्रतियोगिता के परिणाम आज घोषित किए जाएंगे। कार्यक्रम में इंदिरा गांधी कला विवि की कुलपति डॉ. लवली शर्मा, कृष्णा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन एमएम त्रिपाठी,नरेंद्र मोदी विचार मंच के अध्यक्ष डॉ. राकेश मिश्रा और कृष्णा पब्लिक स्कूल की प्राचार्य डॉ. अर्चना मिश्रा के साथ अनेक शिक्षक शामिल हुए। संगीत प्रतियोगिता का मूल्यांकन करने के लिए खैरागढ़ विश्वविद्यालय से प्रोफेसर ऑफ वायलिन महेंद्र मोंगरे एवं संगीत कला निकेतन के अध्यक्ष साकेत मौजूद रहे।

# अभिभावक चीनी कम, मौसमी फल दें ज्यादा, बच्चों की सेहत सुधारने की नसीहत

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मोटापा भारत छोड़ो अभियान' के तहत कई स्कूलों ने अपने मेन्यू की समीक्षा करने और शुगर बोर्ड लगाने का निर्णय लिया है। इसी पहल के तहत पोषण एवं स्वास्थ्य विशेषज्ञ शिल्पी गोयल ने सिंधिया स्कूल, ग्वालियर और भवन्स स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने स्कूलों के मेन्यू का बारीकी से निरीक्षण करते हुए बच्चों के आहार संबंधी महत्वपूर्ण और व्यवहारिक सुझाव दिए। शिल्पी गोयल ने बच्चों के मौजूदा खानपान की खूबियों के साथ-साथ ऐसे पौष्टिक विकल्प भी बताए, जिन्हें शामिल कर उनकी संपूर्ण वृद्धि तथा विकास को और बेहतर बनाया जा सकता है।



### छोटे-छोटे बदलाव जरूरी

*कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों और अभिभावक दोनों को न्यूट्रिशन टॉक दी, जिसमें पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को भरपूर पोषण और संतुलित आहार देने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने अभिभावक को यह भी समझाया कि छोटे-छोटे बदलाव, जैसे चीनी की मात्रा पर नियंत्रण, मौसमी फल-सब्जियों का समावेश और संतुलित स्नैक विकल्प, बच्चों की सेहत, ऊर्जा और एकाग्रता को काफी हद तक सुधार सकते हैं। यह पहल बच्चों में स्वस्थ खाने की आदतें विकसित करने और अभिभावक में पोषण संबंधी जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुई।*

# महाराष्ट्र मंडल में सीखें मिट्टी के गणेश बनाना

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल में प्रति वर्षानुसार इस वर्ष भी गणेशोत्सव पर रविवार 17 अगस्त को सुबह 10 बजे से मिट्टी के गणेश बनाने की प्रशिक्षण दिया जाएगा। मंडल की कला और संस्कृति समिति की ओर से इस वर्ष भी आर्टिसन अजय पोतदार इच्छुक प्रतिभागियों को गीली काली मिट्टी से गणेश प्रतिमा बनाना सिखाएंगे। आर्टिसन अजय ने बताया कि मंडल की कला और संस्कृति समिति पिछले 12 वर्षों से यह प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित कर रही है। हर साल इसमें शामिल होने वाले प्रतिभागियों की लगातार संख्या बढ़ रही है। इनमें बच्चों की बढ़ती संख्या के साथ उनका उत्साह भी देखते ही बनता है। कार्यशाला में शामिल होने प्रतिभागियों को चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल कार्यालय में पंजीयन कराना होगा। प्रशिक्षण में सभी आयुवर्ग के इच्छुक प्रतिभागी भाग ले सकते हैं। गणपति बनाने के लिए आवश्यक सामग्री कार्यशाला स्थल पर ही प्रदान की जाएगी। प्रतिभागियों को मास्क, पेंसिल, हाथ पोंछने का कपड़ा, पानी की बॉटल प्रतिभागी को अपने साथ लानी होगी। पंजीयन के बाद प्रतिभागियों को उपलब्धता के आधार पर सामग्री दी जाएगी। उन्होंने लोगों से समय का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। कार्यशाला की अधिक जानकारी के कला एवं संस्कृति समिति की समन्वयक भारती पलसोदकर, प्रमुख अजय पोतदार से संपर्क कर सकते हैं।

### आईआईएम नवा रायपुर में दंतेवाड़ा के ग्रेजुएट एवं 12वीं पास युवाओं के लिए 2 महीने का उद्यमिता सर्टिफिकेट प्रोग्राम का नवाचार

# बिजनेस की दुनिया में आदिवासी युवाओं की दिखेगी धमक आईआईएम के मेंटर्स से सीख रहे स्टार्टअप के आइडियाज

कार्नर न्यूज

रायपुर। आईआईएम नवा रायपुर में आदिवासी युवाओं को कामयाब उद्यमी बनाने बिजनेस स्किल व प्रबंधन कौशल की ट्रेनिंग दी जा रही है। इसके लिए आईआईएम कैंपस में आदिवासी ग्रेजुएट एवं 12वीं पास युवाओं के लिए 2 महीने के उद्यमिता सर्टिफिकेट प्रोग्राम की शुरुआत की गई है। इसकी शुरुआत दंतेवाड़ा जिला प्रशासन और आईआईएम नवा रायपुर द्वारा एक समझौते की तहत 18 अप्रैल 2025 से शुरू की गई है। आईआईएम से मिली जानकारी के मुताबिक, यह प्रदेश में शिक्षित आदिवासी युवाओं को बिजनेस की दुनिया में आत्मनिर्भर बनाने की पहल है। इस उद्यमिता सर्टिफिकेट प्रोग्राम के अंतर्गत अभी तक दो बैच में 50 आदिवासी युवाओं को बिजनेस कौशल का प्रशिक्षण दिया जा चुका है। यह उद्यमिता प्रमाणपत्र कार्यक्रम आदिवासी युवाओं के जीवन बदल देने वाला ऐसा प्रोग्राम है, जो उद्यमशीलता की यात्रा के सबसे समृद्ध चरणों में से एक है। इसके माध्यम से स्टार्टअप युवाओं में इंटरैक्टिव कक्षा सत्रों से लेकर मोनोपॉली बिजनेस, सिमुलेशन गेम जैसी व्यावहारिक गतिविधियों, बिजनेस पाठ्यक्रम के प्रत्येक घटक, बिजनेस रणनीतिक सोच और निर्णय लेने के कौशल को विकसित किया जा रहा है। विशेष रूप से मोनोपॉली गेम से प्रतिभागी युवाओं को बाजार की ताकतें, नकदी प्रवाह और प्रतिस्पर्धा वास्तविक समय में कैसे काम करें, जैसे बिजनेस माइंड सिखाया जा रहा है। आईआईएम के फैकल्टी मेंटर्स ने बताया कि आदिवासी युवाओं में एजुकेशन एकेडमी, फार्मिंग, ब्यूटी, टेक्सटाइल्स इंड्रस्ट्रीज जैसे विविध लघु व पारंपरिक कुटीर उद्योगों से जुड़े स्टार्टअप बिजनेस माइंड लेकर उद्यमिता सर्टिफिकेट प्रोग्राम में भाग लेने पहुंच रहे हैं।



### फैकल्टी मेंटर्स और उद्योग विशेषज्ञों की टीम



संकाय और मेंटर्स आईआईएम रायपुर के प्रोफेसरों, उद्योग विशेषज्ञों और स्टार्टअप इकोसिस्टम के पेशेवरों की एक चयनित टीम युवाओं को स्टार्टअप आइडियाज बता रही है। उद्यमिता सर्टिफिकेट प्रोग्राम में आईआईएम एंटरप्रेन्योरशिप कार्यक्रम टीम में प्रो. एस. राम ठाकुर, कार्यक्रम निदेशक, प्रो. वर्षा ममिडी, कार्यक्रम सलाहकार शैक्षणिक, प्रो. विनोद पी. मेनन कार्यक्रम सलाहकार कॉर्पोरेट की भूमिका निभा रहे हैं।

### प्रशिक्षु उद्यमी युवाओं का ये है कहना

प्रशिक्षु उद्यमी युवा तम्मना नाग का कहना है कि यह सर्टिफिकेट प्रोग्राम हम नए उद्यमियों के लिए बहुत मददगार है। यहां मैं अपने स्टार्टअप बिजनेस को स्थापित करने की योजना, मार्केटिंग और वित्त जैसे जरूरी व्यावसायिक कौशल सीख पाई। वहीं स्टार्टअप प्रशिक्षु युवा कोंडागोरे तेजस कुमार के अनुसार सर्टिफिकेट प्रोग्राम प्रशिक्षण सत्रों के दौरान स्टार्टअप मेंटर्स, उद्योग विशेषज्ञों द्वारा प्रदान किया गया व्यावहारिक दृष्टिकोण, केस स्टडी मेरे बिजनेस माइंड को विकसित बनाने में सहायक साबित होगी।

### स्टार्टअप शुरू करने फाइनेंशियल मदद भी

आईआईएम एंटरप्रेन्योरशिप कार्यक्रम टीम मेंटर्स ने बताया कि उद्यामिता में सर्टिफिकेट प्रोग्राम पहले व दूसरे बैच के प्रशिक्षित 50 स्टार्टअप युवाओं को सर्टिफिकेट प्रोग्राम संपन्न होने के उपरांत उनके बिजनेस स्टार्टअप शुरू करने के लिए बिजनेस लोन दिलाया जा रहा है। वहीं कुछ युवाओं को स्टार्टअप बस्तर स्टार्टअप हंट प्रतियोगिता के लिए तैयारी कराई जा रही है।

## सिटी लाइव

# देशभर में प्रतिस्पर्धा में सफलता के लिए सीखें एक विदेशी और अंग्रेजी भाषा



**रायपुर।** दुग्ध विज्ञान एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में मंगलवार को प्रथम वर्ष में प्रवेशित नवीन बी-टेक (डीटी) छात्रों के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत 'दीक्षारंभ' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से छात्रों को अध्ययन पद्धति, समय प्रबंधन, रचनात्मक शौक, नैतिक मूल्यों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया जाता है, ताकि वे आने वाले चार वर्षों में केवल अच्छे विद्यार्थी ही नहीं, बल्कि आत्मविश्वासी, कुशल और समाजोपयोगी नागरिक बन सकें। इस अवसर पर डॉ. आरआरबी सिंह, कुलपति, दाऊ वासुदेव चंद्राकर कामधेनु विश्वविद्यालय अंजोरा दुर्ग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. बीपी राठिया, कुलसचिव एवं डॉ. एसके पॉल, निदेशक शिक्षण, डॉ. मंजू राय, डीन छात्र कल्याण तथा डॉ. मनोज कुमार गेंदले, डीन, मत्स्य महाविद्यालय, कवर्धा उपस्थित रहे।

### शौक अपनाने की दी सलाह

डॉ. सुधीर उपरीत ने अपने स्वागत उद्बोधन में बताया कि महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पिछले वर्ष से लागू किया गया है, जिसके अंतर्गत छात्रों के समग्र व्यक्तित्व विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। कुलपति डॉ. आरआरबी सिंह ने कहा कि छात्रों से कम से कम एक विदेशी भाषा, विशेष रूप से अंग्रेजी सीखने का आग्रह किया, ताकि वे पूरे देश में प्रतिस्पर्धा कर सफलता प्राप्त कर सकें। उन्होंने छात्रों को एक रुचि-आधारित शौक अपनाने की भी सलाह दी, जो उनके कौशल विकास में सहायक होगा। कुलसचिव ने अपने संबोधन में कौशल उन्नयन के महत्व पर जोर दिया।

## धर्म लाइव

# 13 परिवारों ने किया संकष्ट चतुर्थी व्रत का उद्यापन, पांच आचार्यों ने कराई पूजा



**रायपुर।** महाराष्ट्र संस्कार केंद्र एवं महाराष्ट्र मंडल की ओर से मंगलवार, को मंडल के संत ज्ञानेश्वर सभागृह में आयोजित सामूहिक संकष्ट चतुर्थी व्रत उद्यापन में कई परिवारों ने शामिल होकर व्रत का विधिवत उद्यापन किया। आचार्य चेतन गोविंद दंडवते के मार्गदर्शन में पांच आचार्यों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूरी पूजा कराई गई। आचार्य दंडवते ने बताया कि संकष्ट चतुर्थी व्रत उद्यापन के लिए जिन लोगों ने अपना पंजीयन कराया था। भगवान गणेश की पूजा- अर्चना के साथ उनका अभिषेक और हवन विधि विधान से संपन्न कराया गया। पूजा अपने निर्धारित समय में प्रारंभ हुई। इसके साथ हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इसके बाद व्रतियों को भोजन कराया गया। साथ ही अन्य भक्तों को भी प्रसाद वितरित किया गया।

### कई व्रतियों ने किया व्रत का उद्यापन

आचार्य दंडवते के मुताबिक संकष्टी चतुर्थी व्रत महाराष्ट्र में या यू कहिए छत्तीसगढ़ में रहने वाले मराठी परिवार विशेष रुप से मनाते हैं। आचार्य योगेश दंडवते, अजय पोतदार, अभिषेक बक्षी, सृजन दंडवते और पार्थ देशपांडे ने पूजन में उपआचार्य की भूमिका निभाई। आज नीलिमा घाटगे, मृदुला यशवंत कालेले, सौदामिनी संजय बर्वे, अर्चना दिग्विजय भाकरे, उषा मोहन पवार, सरिता मदन, श्यामला काले, स्मिता कोमजवार, डॉ. श्रद्धा उत्तरवार, विजया भाले, रोमी दत्ता, कुसुम वसंत मलेवार और कल्पना किरण मातुरकर सहित कई व्रतियों ने व्रत का उद्यापन किया।

## समाज इवेंट

# एंटी रैगिंग ओरिएंटेशन : विद्यार्थियों को दी कानूनी-मानसिक प्रभावों की जानकारी



**रायपुर।** शासकीय दंत चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा मंगलवार को एंटी रैगिंग ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को रैगिंग के दुष्प्रभावों और उनके कानूनी पहलुओं की जानकारी दी गई। साथ ही कार्यक्रम का उद्देश्य मनोवैज्ञानिक प्रभावों के प्रति जागरूक करना व रैगिंग मुक्त शैक्षणिक वातावरण को बढ़ावा देना रहा। कार्यक्रम की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य एवं एंटी-रैगिंग कमेटी के अध्यक्ष डॉ. वीरेंद्र वाढ़ेर ने की, जिन्होंने प्रतिभागियों को रैगिंग मुक्त परिसर की आवश्यकता और महत्व पर प्रकाश डाला। मुख्य व्याख्यान क्लीनिकल साइकोलॉजिस्ट चंद्रशेखर राव ने रैगिंग से प्रभावित छात्रों की मानसिक स्थिति, परामर्शदाताओं की भूमिका, मनोवैज्ञानिक समस्याओं के निदान और उपचार की प्रक्रिया पर विस्तृत जानकारी दी।

### विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई, जिसमें अब तक के रैगिंग मामलों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। ऐसे में अधिकारियों को रिपोर्ट कर सहायता प्राप्त करने की भी बात पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में छात्रों की सक्रिय भागीदारी और सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिली, जागरूकता कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों में सहानुभूति, समझ और सुरक्षित वातावरण की संस्कृति को मजबूत करने का प्रयास किया गया है। एंटी रैगिंग ओरिएंटेशन कार्यक्रम में छात्रों के मध्य एक सुरक्षित, सम्मानजनक और सहयोगी शैक्षणिक वातावरण की दिशा में मजबूत कदम बढ़ाया गया।

● जन्माष्टमी पर दही-हांडी लूट प्रतियोगिता, सिंगर पवनदीप राजन, भजन गायिका गीता बेन रबारी देंगी प्रस्तुति

# दही-हांडी लूटने छत्तीसगढ़ समेत चार राज्यों से जुटेंगे गोविंदा, सप्रे स्कूल मैदान में 25 फीट ऊंचाई पर होगी मटकी

**जन्माष्टमी की तैयारी में शहरवासी जुट गए हैं। हर जगह बाल गोपाल के आने की खुशी में दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। गली-मोहल्ले, मैदान व बड़े स्तर पर दही-हांडी स्पर्धा कराई जाती है, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से आकर लोग उत्साह के साथ भाग लेते हैं।**

**रायपुर।** हर साल के भांति प्रतियोगिता के साथ अन्य कार्यक्रम शामिल हैं, जिसमें नाटक प्रस्तुति, गायन, डांस समेत विभिन्न प्रोग्राम होंगे। समिति ने श्रीकृष्ण भक्तों के मनोरंजन का विशेष आयोजन रखा है। इस बार मंच पर इंडियन आइडल चैंपियन पवनदीप राजन अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरेंगे तो वहीं भजन गायिका गीता बेन रबारी अपने भजनों से पूरे माहौल को कृष्णमय कर देंगी। साथ ही राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित गायिका पूनम-दिव्या तिवारी भी अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधेंगी। ओडिशा के कलाकारों द्वारा पारंपरिक घंटा बाजा और ग्रीसयुक्त खंबे पर चढ़ने की प्रतियोगिता आकर्षण का केंद्र रहेगी।





फाइल फोटो

### गुढ़ियारी में चार राज्यों से भाग लेंगी टोलियां

गुढ़ियारी में इस बार भी 16वां दही-हांडी उत्सव मनाया जाएगा। समिति एवं श्री हनुमान मंदिर ट्रस्ट के तत्वावधान में यह आयोजन किया जा रहा है। समिति के संयोजक बसंत अग्रवाल ने बताया कि यह विशाल प्रतियोगिता 17 अगस्त को शाम 4 बजे से अवधपुरी मैदान, श्रीनगर रोड गुढ़ियारी में आयोजित है। इस वर्ष विजेता गोविंदा टोली के लिए 11 लाख रुपए नकद पुरस्कार राशि रखी गई है। छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ ओडिशा, मध्यप्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र जैसे राज्यों से गोविंदा टोलियां प्रतियोगिता में हिस्सा लेने आ रही हैं। समिति के सह-संयोजक हेमेंद्र साहू ने बताया कि अब तक रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव, बेमेतरा, कवर्धा की 25 स्थानीय टोलियों समेत कई महिला टोलियों ने भी अपना पंजीयन करा लिया है। इसके अलावा महाराष्ट्र, इंदौर तथा जबलपुर की प्रसिद्ध गोविंदा टोलियों ने भी अपनी सहभागिता सुनिश्चित की है। यह प्रतियोगिता सभी के लिए पूर्णतः निशुल्क है।

### रात में नाटक, दिन में दही-हांडी प्रतियोगिता

कृष्णा मित्र फाउंडेशन की ओर से सप्रे स्कूल मैदान में दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। अध्यक्ष माधव लाल यादव ने बताया कि प्रतियोगिता 16 अगस्त दोपहर 12 बजे से शुरू हो जाएगी, जिसमें देशभर समेत राज्य के जिलों से युवा भाग ले रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि जन्माष्टमी की रात नाट्य कार्यक्रम होगा, जिसमें भगवान के जन्म से लेकर कंस के वध तक विविध प्रसंगों को दिखाया जाएगा। फाउंडेशन की ओर से इस बार प्रथम विजेता को 31 हजार, द्वितीय को 21 और तृतीय को 15 हजार रुपए पुरस्कार दिया जाएगा। अध्यक्ष ने बताया कि इस साल दही-हांडी 25 फीट ऊंचाई पर होगी। उन्होंने आगे बताया कि पिछले 12 साल से दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।



### चौक-चौराहों पर भी होगी स्पर्धा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शहर के विभिन्न चौक-चौराहों समेत मंदिरों और सड़कों पर भी दही-हांडी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जाएगा। पुरानी बस्ती से लेकर कुशालपुर व राजेंद्र नगर, गुढ़ियारी समेत अन्य जगहों पर भी प्रतियोगिता होगी। साथ ही समता में भी समिति की ओर दही-हांडी स्पर्धा रखी गई है। मध्यरात्रि जन्मोत्सव के बाद दिन में दही-हांडी प्रतियोगिता होगी। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण की पालकी भी विभिन्न समितियों की ओर से निकाली जाएगी।

# मां भारती और सेना के सम्मान में किन्नर समाज ने निकाली तिरंगा यात्रा

**रायपुर।** आंबेडकर चौक से जयस्तंभ चौक तक भारत माता और सेना के सम्मान में तिरंगा यात्रा निकाली गई। यह पैदल मार्च तिरंगा यात्रा मंगलवार शाम 5 बजे सुराज जनकल्याण समिति के तत्वावधान में किन्नर समाज के सदस्यों और आदिशक्ति सामाजिक संस्था की महिला सदस्यों ने निकाली। तिरंगा यात्रा में आम नागरिक भी उत्साह के साथ शामिल हुए। सुराज जनकल्याण समिति के अध्यक्ष प्रीतम महानंद ने बताया कि तिरंगा यात्रा शहर के आंबेडकर चौक से जयस्तंभ चौक तक निकाली गई। इसमें शहर के किन्नर समाज के सदस्यों में कम्मो किन्नर उर्फ काव्या एवं साथियों के साथ भाग लिया। वहीं सामाजिक संस्था आदिशक्ति की अध्यक्ष माधुरी बघेल अपने साथियों के साथ शामिल हुई। पैदल मार्च रैली में सामाजिक संस्था एवं गणमान्य नागरिकों समेत 60 से अधिक लोगों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। यह तिरंगा यात्रा आंबेडकर चौक से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक पहुंची, जहां पर भारत माता के जयकारे की गूंज के साथ देश के वीर जवानों व शहीदों को सलाम किया गया। इस अवसर पर विशेष रूप से सुराज जनकल्याण समिति के संरक्षक सुभाष अग्रवाल, डॉ. अशोक हरिवंश, फाउण्डर मेंबर अनूप धर्मपाल खेलकर, सुधीर कुमार चौबे, सूरज यादव शामिल रहे।




### कला केंद्र में आज तिरंगा संगीत

*स्कूलों में तिरंगा पेंटिंग प्रतियोगिता, विद्यार्थी कर रहे तिरंगा फहराने का आग्रह हर घर तिरंगा अभियान 2025 की शुरुआत हो गई है। जिले में तिरंगा कैनवास हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत कलेक्टोरेट, नगर निगम, जिला पंचायत और कला केंद्र में तिरंगे झंडे वाले कैनवास रखे जाएंगे, जिसमें आम जनता से हस्ताक्षर करने का आग्रह किया जाएगा। कला केंद्र में तिरंगा संगीत का कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।*

### 14 अगस्त को होगी स्वतंत्रता दौड़

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राजधानी में इस वर्ष भी जोश, जुनून और देशभक्ति से ओतप्रोत स्वतंत्रता दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन रायपुर एवं खेल एवं युवा कल्याण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 14 अगस्त को यह आयोजन सुबह 7.30 बजे शहीद भगत सिंह चौक शंकरनगर से आरंभ होगा। यह दौड़ खजाना चौक तक जाएगी और वहां से यू-टर्न लेते हुए पुनः शहीद भगत सिंह चौक पर समाप्त होगी। दौड़ में स्कूलों के छात्र-छात्राएं, एनसीसी, एनएसएस, स्काउट गाइड कैडेट्स, खिलाड़ी एवं विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में भाग लेंगे। इस आयोजन का उद्देश्य युवाओं के बीच देशभक्ति की भावना का संचार करना तथा फिटनेस और स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

# परिस्थितियां कैसी भी हों सुख और समता बनाए रखें

**रायपुर।** जागृति हम सबको विकसित करना है। अलार्म बज सकता है, लेकिन जागना हमको पड़ेगा। अलार्म जगा नहीं सकता। दूसरा व्यक्ति निमित्त तो बन सकता है, लेकिन कार्य तभी होगा, जब भीतर की चेतना जागृत होगी। चाहे सत्संग में आएं, चाहे सतगुरु के पास जाएं, चाहे परमात्मा के पास जाएं, इन सब पर विश्वास जरूर करना है। इनके भरोसे पर नहीं रहना है। इनका सदुपयोग करके अपने आप को जागृत करना है। चेतना जागृत करना है। तभी हम प्रमाद से जागेंगे। आत्मा जाग गई तो सबकुछ जाग जाएगा। आत्म तत्व को जगाना है। ये बातें मंगलवार को टेगौर नगर पटवा भवन में जारी चातुर्मासिक प्रवचनमाला में उपाध्याय भगवंत युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज ने कही। उपाध्याय भगवंत ने कहा कि मन में जागरण लाना है। अपने आनंद में रहना है। चाहे परिस्थितियां अनुकूल से प्रतिकूल हो जाए। स्वयं को सुखी करने की ताकत बढ़ाना है। सुख को ऐसे बढ़ाना है कि फिर हम दुखी न हो पाएं। संसार की उलझन से अपने आपको मजबूत करने की जागृति बढ़ाना है। इसके लिए सबसे पहला स्टेप है पाप से बचना। दूसरा स्टेप पुण्य से नहीं चूकना। तीसरा स्टेप समता में रहना। चौथा स्टेप समता में अखंड रहना।



### 100 से अधिक तपस्वियों का 15 को होगा शाही पारणा

विमलनाथ जैन श्वेतांबर मंदिर ट्रस्ट एवं भावउल्लास चातुर्मास समिति के संयुक्त तत्वावधान में पूज्य जयपाल विजय, प्रियदर्शी विजय, तीर्थप्रेम विजय साधु भगवंत तथा अक्षय निधि आदि साध्वी भगवंत की निश्रा में नाकोड़ा भैरव सोसायटी में आयोजित चातुर्मास के अंतर्गत शत्रुंजय तप में 105 से अधिक तपस्वियों की तपस्या आज पूर्ण हो रही है। तपस्या पूर्ण होने के उपलक्ष्य में अंतिम तेला का पारणा सम्पन्न होगा। इसके पश्चात 15 अगस्त को श्री नाकोड़ा भैरव समिति भवन में शाही पारणा का भव्य आयोजन किया जाएगा। आयोजन हेतु 11,000 वर्गफुट का विशाल पंडाल तैयार किया जा रहा है। तपस्वियों के पारणा के लिए शाही कुर्सी और टेबल की व्यवस्था के साथ पूरे प्रांगण को अत्यंत भव्य रूप दिया जा रहा है। इस विशेष उत्सव को लेकर सोसाइटी सहित तपस्वियों में भी उत्साह और उमंग का वातावरण है। आज तपस्वियों के मेहंदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके लाभार्थी धनराजजी वेद परिवार, रायपुर रहे।

राजस्थानी, मारवाड़ी, माहेश्वरी, अग्रवाल और सिंधी समाज की महिलाएं पारंपरिक परिधान में सजीं

कार्नर न्यूज



# घरों में सामूहिक पूजा कर मनाया तीजड़ी और सातुड़ी तीज पर्व, देर रात चंद्रमा के दर्शन के बाद तोड़ा व्रत

**रायपुर।** राजधानी सहित पूरे प्रदेश में मंगलवार को राजस्थानी, मारवाड़ी, माहेश्वरी, अग्रवाल और सिंधी समाज की महिलाओं ने सातुड़ी तीज और तीजड़ी पर्व को धार्मिक आस्था और पारंपरिक उल्लास के साथ मनाया। पर्व की शुरुआत ब्रह्ममुहूर्त में पूजन के साथ हुई, जहां महिलाओं ने विधिवत रूप से व्रत रखकर सामूहिक पूजा-अर्चना और कथा श्रवण किया। जगह-जगह समाजिक भवनों और मंदिर परिसरों में तीज माता की पूजा, भजन-कीर्तन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक परिधान पहनकर झूला झूले और पूजा के दौरान मंगलगीत गाए। यह व्रत विशेष रूप से सुहागिनों और कुंवारी कन्याओं द्वारा रखा गया।



### तीज पर्व पर सुसराल में मिली सरगी



संतोषी नगर स्थित प्रगति विहार साईं झूलेलाल मंदिर में मंगलवार को तीज पर्व के खास अवसर पर सिंधी समाज की महिलाओं ने सामूहिक पूजा-अर्चना का आयोजन किया। पूजा के दौरान व्रती दीया मूलचंदानी ने बताया कि तीज के दौरान ससुराल से सरगी दी जाती है, जिसमें सुबह 4 बजे सरगी में पूजन सामग्री और पारंपरिक पोशाक भेंट की जाती है। पूजन का शुभारंभ तीज व्रत कथा के पाठ से हुआ, जिसमें भगवान शिव-पार्वती की पौराणिक कथा सुनाई गई।



### राजस्थानी और मारवाड़ी पोशाक में सजीं महिलाएं

पूज्य छत्तीसगढ़ सिंधी पंचायत द्वारा तेलीबांधा, कटोरा तालाब, शंकरनगर, अमलीडीह, नहरपारा, चंगोराभाठा, डीडीनगर, जवाहर नगर, देवेंद्र नगर, फाफाडीह, शैलेंद्र नगर और लाखेनगर में तीजड़ी पर्व मनाया गया। इस मौके पर महिलाओं ने सुबह 4 बजे ब्रह्ममुहूर्त में उठकर कलेवा ग्रहण किया, उसके बाद दिनभर तीज व्रत रखा। वहीं शहर के माहेश्वरी समाज की महिलाओं ने भी तीज पर्व मनाया, इस दौरान महिलाओं ने सुबह सामूहिक रूप से झूले का आनंद लिया। दूसरी ओर देर रात को चंद्रमा के दर्शन कर व्रत पूर्ण किया। इस मौके पर महिलाएं राजस्थानी एवं मारवाड़ी पोशाक में नजर आईं।

## सिटी स्पोर्ट्स

### पार्थ को जु-जित्सु सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में गोल्ड



**रायपुर।** डोंगरगढ़ में 10 अगस्त को आयोजित 5वीं जु-जित्सु सीनियर स्टेट चैंपियनशिप में शहर के पार्थ चावड़ा ने दो इवेंट में भाग लिया और एक में स्वर्ण पदक और एक में रजत पदक प्राप्त किया। पार्थ जल्द ही उत्तराखंड में होने वाले राष्ट्रीय खेलों के लिए चयनित हुए हैं। पिछले साल भी उन्होंने राज्य स्तरीय चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीता था और औरंगाबाद में हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक हासिल किया। बालाजी क्लब में सूरज वर्मा उनके कोच हैं।

### राज्य स्तरीय स्नूकर 18 अगस्त से राजधानी में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सब जूनियर, जूनियर तथा सीनियर पुरुष एवं महिला 6 रेड स्नूकर के खिलाड़ी गठन हेतु चयन स्पर्धा 18 से 20 अगस्त तक संयोजक आदित्य प्रकाश शुक्ला द्वारा लोधीपारा में अपराह्न 11 से रात्रि 10 बजे तक स्पर्धा आयोजित की जा रही है। प्रतियोगिता में प्रवेश लेने की अंतिम तिथि 16 अगस्त को रात 8 बजे तक है। ड्रा 17 अगस्त को निकाला जाएगा। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले सब जूनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों का जन्म दिनांक एक जनवरी 2009 तथा जूनियर बालक एवं बालिका खिलाड़ियों की आयु एक जनवरी 2006 या उसके बाद होना चाहिये। खिलाड़ियों को आयु प्रमाण संबंधित जन्मप्रमाण पत्र मार्कशीट, आधार कार्ड लाना अनिवार्य है अन्यथा उन्हें चयन स्पर्धा में भाग लेने नहीं दिया जायेगा। चयन स्पर्धा में भाग लेने वाले खिलाड़ियों का पंजीयन शुल्क रुपये 1500/- प्रति खिलाड़ी (सीनियर वर्ग) होगा। सब जूनियर एवं जूनियर का कोई पंजीयन शुल्क नहीं है।चयन स्पर्धा में भाग लेने छत्तीसगढ़ प्रदेश बिलियर्ड्स एवं स्नूकर के सदस्यों/पदाधिकारियों संयोजक आदित्य प्रकाश शुक्ला, मो. तौसीफ और आशीष थवानी से संपर्क कर सकते है।

### ऑनलाइन नि:शुल्क प्रशिक्षण में सराहा हेमंत का योगदान



**रायपुर।** प्रदेश टीम के चयनित खिलाड़ियों के अलावा अंडर-13 आयु समूह के टॉप टेन शतरंज खिलाड़ियों हेतु ऑनलाइन शतरंज प्रशिक्षण का आयोजन छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ द्वारा किया गया। यह प्रशिक्षण सब जूनियर के अलावा जूनियर व सीनियर वर्ग हेतु तीन चरणों में विभाजित है। शिविर के तीसरे दिन जिला शतरंज संघ महासमुंद व छत्तीसगढ़ प्रदेश शतरंज संघ के सचिव हेमंत खुटे बतौर अतिथि शामिल हुए। कार्यक्रम को होस्ट कर रहे विकास शर्मा ने कहा कि हेमंत खुटे राज्य सचिव के साथ - साथ शतरंज खेल के व्यापक प्रचार - प्रसार ,शतरंज स्पर्धाओं का आयोजन व शतरंज की मासिक खेल पत्रिका शतरंज सम्राट हेतु अपना निरंतर योगदान दे रहें है। प्रदेश में शतरंज के विकास के लिए दिए जा रहे इनके द्वारा योगदान काबिल-ए-तारीफ है। वहीं प्रशिक्षण के कोच रविकुमार ने कहा कि हेमंत खुटे शतरंज के क्षेत्र में लेखन कार्य के साथ - साथ इंटरव्यू लेकर हमेशा ही खिलाड़ियों की हौसला अफजाई की है। इनके लेखन से देश व प्रदेश के शतरंज खिलाड़ी लाभान्वित हुए है। शतरंज के क्षेत्र में दिए गए इनका योगदान अतुलनीय है। शतरंज प्रशिक्षण के अतिथि हेमंत खुटे ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि कामयाबी के लिए ज़िद की जरूरत पड़ती है। ज़िद ही लक्ष्य प्राप्ति में सहायक होती है । जब तक अपने अंदर जीतने की ज़िद और जुनून नहीं होगा तब तक दुनिया का कोई भी कोच आपको आगे नहीं बढ़ा सकता। हेमंत ने आगे कहा कि फीडे इंस्ट्रक्टर रवि कुमार अविभाजित मध्यप्रदेश के राज्य चैंपियन रहे हैं तथा छत्तीसगढ़ के पहले राज्य विजेता का भी इन्हें गौरव हासिल है। इंडिया के टॉप 100 खिलाड़ियों में भी इनका नाम शुमार रहा है । रवि शतरंज के एक बेहतरीन खिलाड़ी व कुशल कोच है।यक्नीनन इनके सान्निध्य में खिलाड़ी एक नए आयाम हासिल करेंगे। कार्यक्रम को होस्ट राज्य शतरंज संघ के संयुक्त सचिव विकास शर्मा ने किया। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस में संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष व वरिष्ठ शतरंज खिलाड़ी एम। चंद्रशेखर तथा दूसरे दिन भूतपूर्व राज्य चैंपियन व संयुक्त सचिव प्रदेश शतरंज संघ के आनंद अवधिया ने अपनी गरिमामय उपस्थिति दी व खिलाड़ियों को शतरंज के गुर सिखाए।

### इंटर स्कूल जूडो स्पर्धा 23 से



**रायपुर।** ऑल बस्तर जिला जूडो संघ, जगदलपुर द्वारा इंटर स्कूल स्पर्धा का आयोजन 23 एवं 24 अगस्त तक स्थानीय टाउन हाल जगदलपुर में आयोजित होगा। प्रतियोगिता में सम्भाग व सम्भाग के बाहर की टीम भाग लेगी। प्रतियोगिता सब जूनियर, जूनियर, सीनियर वर्ग की होगी। साथ ही 10 वर्ष के कम वर्ग के खिलाड़ीयो की भी प्रतियोगिता खेले जायेंगे।

## हमारे शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत रहना जरूरी

# अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत रखने छोड़नी होंगी कुछ आदतें, दिखेगा बदलाव

सेहत बनाए रखने में इम्यूनिटी की बहुत बड़ी भूमिका होती है। इसे हम रोग प्रतिरोधक क्षमता के नाम से भी जानते हैं। यानी जब कोई रोग हमें घेरने लगती है तो रोगों का निवारण करने की शक्ति को इम्यूनिटी कहते हैं। हमारी कुछ खराब आदतों की वजह से इम्यूनिटी लगातार कमजोर होती रहती है। इसके कारण आप कई तरह की बीमारियों के चपेट में आ सकते है। जैसे डायबिटीज, मोटापा, हाई ब्लड प्रेशर, मौसमी बीमारियां, दिल से जुड़े रोग वगैरह-वगैरह। चलिए जानते हैं उन आदतों के बारे में जिससे हमारी इम्यूनिटी पर बुरा असर पड़ रहा है।



### नींद न लेना

आजकल के युवा नींद को अहमियत नहीं देते हैं,लोग रात-रात भर जगकर पार्टी करते हैं जबकि नींद की कमी के कारण आपकी इम्यूनिटी कमजोर हो सकती है। जब आप सोते हैं तो आपके सेल्स रिपेयर होते हैं और आप दूसरे दिन के लिए तैयार होते हैं, लेकिन लगातार जब आपका नींद लेते हैं तो इससे आपकी इम्यूनिटी कमजोर पड़ने लगती है इसके कारण आप बार-बार बीमार पड़ते हैं मोटापा हाई ब्लड प्रेशर और डायबिटीज जैसी बीमारियों के शिकार होते हैं। आज ही इस आदत से तौबा करें और कम से कम 8 घंटे की नींद जरूर लें।

### संतुलित आहार न लेना

कुछ लोग खाना तो खाते हैं लेकिन उसमें कुछ भी संतुलित नहीं होता है। खाने में सही पोषक तत्व न रहने के कारण भी इम्यूनिटी कमजोर होती है। ऐसे में सुनिश्चित करें कि अपनी थाली में जरूरी विटामिन, मिनरल, एंटीऑक्सीडेंट और फाइबर जरूर शामिल करें। खाने में हरी सब्जियां, फल दूध, दही साबुत अनाज शामिल करें।

### स्ट्रेस या तनाव लेना

स्ट्रेस हमारी लाइफस्टाइल का हिस्सा बन चुका है। कंपटीशन के जमाने में हर व्यक्ति इतना ज्यादा तनाव में रहने लगा है कि इसके कारण भी इम्यूनिटी कमजोर होने लगी है। दरअसल इसकी वजह से शरीर में कोर्टिसोल हार्मोन बनता है, जो हमारे इम्यूनिटी को कमजोर बनाता है। अगर आप भी लगातार तनाव में है तो मेडिटेशन या योग कर इसपर काबू पाएं।



### प्रोसेस्ड फूड का सेवन

आजकल जंक फूड के लोग आदि हो चुके हैं। चिप्स, कुकीज, कोल्ड ड्रिंक डेली डाइट में शामिल करते हैं। इसके कारण आपके शरीर को फाइबर और जरूरी विटामिन नहीं मिल पाता है। इसमें चीनी मैदा अन हेल्दी फैट्स इतना होता है कि सफेद रक्त कोशिकाएं कमजोर होने लगती है। इससे इम्यूनिटी पर असर पड़ता है और आप बीमार होने लगते हैं।

### कैफीन

बहुत ज्यादा मात्रा में कैफीन का सेवन करने से भी इम्यूनिटी कमजोर होती है। दरअसल इससे स्लिप पैटर्न पर असर पड़ता है और जब आपकी स्लीपिंग पैटर्न खराब होती है तो इम्यून सिस्टम पर भी बुरा असर पड़ता है।



## वॉकिंग प्लैंक करते हुए भूल से भी ना करें ये गलतियां

प्लैंक एक ऐसी एक्सरसाइज है, जिसे हर कोई अपने फिटेनस रूटीन में शामिल करते हैं। यह आपकी कोर को स्ट्रेंथन करने में मददगार है। आप चाहे एक बिगनर हों या फिर एक्सपर्ट, प्लैंक की प्रैक्टिस आपको जरूर करनी चाहिए। अमूमन यह देखने में आता है कि अपने फिटनेस रूटीन में वैरिएशन लाने के लिए लोग साइड प्लैंक से लेकर रिवर्स प्लैंक तक करना पसंद करते हैं। इन्हीं में से एक है वॉकिंग प्लैंक।

वॉकिंग प्लैंक को कोर के लिए एक बेहतरीन एक्सरसाइज माना गया है और यह कोर को मजबूत बनाने के साथ-साथ उसे अधिक स्टेबल बनाता है। वॉकिंग प्लैंक करते हुए आप हाथों पर हाई प्लैंक से लेकर आपकी कोहनी पर लो प्लैंक तक और फिर वापस जाना शामिल है। यह सच है कि वॉकिंग प्लैंक आपकी सेहत को बहुत अधिक लाभ पहुंचाता है, लेकिन इसे करते हुए आपको कुछ छोटी-छोटी गलतियों से बचना चाहिए। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको वॉकिंग प्लैंक करते हुए की जाने वाली कुछ कॉमन मिसटेक्स के बारे में बता रहे हैं-



### अपने हिप्स को बहुत अधिक हिलाना

अमूमन यह देखने में आता है कि जब लोग वॉकिंग प्लैंक करते हैं तो उस दौरान अपने हिप्स को बहुत अधिक हिलाते हैं। हालांकि, आपको ऐसा करने की गलती नहीं करनी चाहिए। कोशिश करें कि वह ज्यादा से ज्यादा स्टेबल रहें। यह सच है कि जब आप वॉकिंग प्लैंक करते हैं तो उस दौरान हिप्स थोड़ा बहुत हिलते हैं, लेकिन इसे बहुत अधिक स्विंग करने से बचना चाहिए।

### कोहनी को बहुत अधिक चौड़ा रखना

वॉकिंग प्लैंक करते हुए अपने बॉडी पोश्चर का ध्यान रखना बेहद जरूरी होता है। अमूमन यह देखने में आता है कि जब लोग नीचे जाते हैं और फिर वापिस आते हैं, तो उनका बॉडी पोश्चर बिगड़ जाता है। इस दौरान कई बार लोग कोहनी को बहुत अधिक चौड़ा कर लेते हैं। अगर आप भी ऐसा करते हैं तो इससे आपके कंधों पर अनावश्यक दबाव पड़ सकता है। इसलिए, हमेशा यह सुनिश्चित करें कि आप अपनी कोहनी को सीधे अपने कंधों के नीचे अपनी बाहों से एल शेप बनाते हुए लैंड करें।

## बेडरूम में रखते हैं कैश बॉक्स, तो वास्तु के इन नियमों को ना करें नजरअंदाज

अमूमन लोग कैश बॉक्स को अपने घर में सुरक्षित स्थान पर रखते हैं, इसलिए वे बेडरूम में उसे रखना पसंद करते हैं। हालांकि, अगर आप बेडरूम में कैश बॉक्स रखते हैं तो आपको कुछ वास्तु से जुड़ी कुछ छोटी-छोटी बातों का खास ख्याल रखना चाहिए। हम सभी चाहते हैं कि हमारे जीवन में कभी भी पैसों की कमी ना हो। हालांकि, इसके लिए जरूरी है कि धन को सही तरह से रखा जाए। पैसों को रखने के लिए अक्सर हम अपने घर में भी कैश बॉक्स का इस्तेमाल करते हैं। जहां पर कुछ अतिरिक्त धन अवश्य रखा जाता है। इस कैश बॉक्स को किसी सुरक्षित स्थान पर रखना बेहद जरूरी होता है। ऐसे में कैश बॉक्स को बेडरूम में रखना काफी अच्छा माना जाता है। बेडरूम में अक्सर बाहरी लोग नहीं आते हैं और इसलिए आपका धन अधिक सुरक्षित होता है।

## किचन कैबिनेट को साफ करते वक्त ना करें ऐसी गलतियां, होगा नुकसान

रोजाना किचन के साथ-साथ इससे जुड़ी चीजों की भी सफाई की जाती है। मगर कई बार यह सफाई भारी पड़ जाती है, जिससे कई सामान खराब भी हो जाते हैं। ऐसे में अगर आप कैबिनेट साफ कर रहे हैं, तो इन गलतियों को करने से बचें। आजकल घर के साथ-साथ किचन फर्नीचर का डिजाइन और कैबिनेट का डिजाइन, किचन की वॉल और सामान के ऑर्गनाइजेशन आदि पर काफी ध्यान दिया जाने लगा है, लेकिन लाख कोशिशों के बाद भी किचन के कैबिनेट या फिर सामान गंदे हो जाते हैं। हम कैबिनेट में मसाले, दाल, चावल व अन्य कई इंग्रीडिएंट रखते हैं।

































## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'अवतार 3' का ट्रेलर हुआ रिलीज पेंडोरा में नजर आ रहा नया दुश्मन



हॉलीवुड की सबसे मशहूर फिल्मों में से एक 'अवतार' के तीसरे पार्ट 'अवतार 3' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। 'अवतार' फ्रेंचाइजी दुनिया में सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्मों में से एक है। फिल्म के निर्देशक जेम्स कैमरून इसके दो पार्ट रिलीज कर चुके हैं। जल्द ही इसका तीसरा पार्ट भी रिलीज किया जाएगा।

आपको बता दें कि फिल्म अवतार का पहला हिस्सा 'अवतार' के नाम से, दूसरा हिस्सा 'अवतारः द वे ऑफ वाटर' के नाम से रिलीज किया गया था। अवतार के तीसरे हिस्से का नाम 'अवतारः फायर एंड ऐश' है।

'अवतार 3' के ट्रेलर में पेंडोरा की खूबसूरत दुनिया दिखाई गई है। यहां अलग तरह के जीव उड़ते हुए दिखाई देते हैं। सभी लोग यहां खुशी से रहते हैं। हालांकि यह खुशी ज्यादा देर तक नहीं रहती है। कुछ ही देर बाद यहां हमले और जंग शुरू हो जाती है। जेक सुली और उनका परिवार एक दूसरे कबीले से लड़ता हुआ नजर आता है। अवतार के पहले हिस्से में जमीनी संघर्ष दिखाया गया था। दूसरे हिस्से में पानी में संघर्ष दिखाया गया था। तीसरे हिस्से में आग में संघर्ष दिखाया गया है। इस हिस्से में जेक सुली के बच्चों का रोमांस भी दिखाया गया है। सबसे हैरत की बात यह है कि इस बार पेंडोरा की दुनिया में ही एक अलग ग्रुप नजर आया है जो पेंडोरा के लोगों से ही लड़ता है। खबरों के मुताबिक 'अवतार 3' का बजट तकरीबन 2100 करोड़ रुपये है। फिल्म को 19 दिसंबर 2025 को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज किया जाएगा। अवतार के पहले और दूसरे हिस्से ने जबरदस्त कमाई की थी। अब देखना होगा कि इसके तीसरे हिस्से को दर्शकों से कैसा रिस्पॉन्स मिलता है।

### टॉलीवुड

## रैपर वेदान की बढ़ी मुश्किलें पुलिस की है लोकेशन पर नजर



मलयालम हिप-हॉप म्यूजिक के चर्चित नाम वेदान उर्फ हिरंदास मुरली एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। इस बार मामला बेहद गंभीर है। एक महिला डॉक्टर ने उनके खिलाफ लगातार दुष्कर्म के आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक, ये घटनाएं वर्ष 2021 से 2023 के बीच अलग-अलग स्थानों पर घटित हुईं।

कोच्चि पुलिस कमिश्नर पुट्टा विमलादित्य ने बताया कि आरोपी की वर्तमान स्थिति पुलिस की निगरानी में है और उसे फिलहाल फरार घोषित नहीं किया गया है। पुलिस की ओर से ये भी साफ किया गया है वेदान ने केरल हाईकोर्ट में अग्रिम जमानत की अर्जी दाखिल की है, जिस पर सुनवाई लंबित है। कमिश्नर ने यह भी बताया कि जब तक कोर्ट का फैसला नहीं आ जाता, तब तक पुलिस की ओर से गवाहों से पूछताछ और सबूत जुटाने की प्रक्रिया लगातार जारी रहेगी।

त्रिक्काकारा थाने में दर्ज एफआईआर में आरोपी पर एक ही महिला के साथ बार-बार दुष्कर्म की धारा के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता के बयान के अनुसार, वेदन के साथ कुछ आर्थिक लेन-देन भी हुए थे, जिसकी जांच पुलिस कर रही है। ये पहला मौका नहीं है जब वेदन विवादों में आए हैं। इससे पहले अप्रैल महीने में उन्हें मादक पदार्थों से जुड़े एक केस में गिरफ्तार किया गया था, हालांकि बाद में उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया गया। इसके कुछ ही दिनों बाद वन विभाग ने उन्हें एक तेंदुए का दांत रखने के मामले में गिरफ्तार किया, जिसमें उन्हें फिर से जमानत मिल गई।

सिर्फ आपराधिक मामलों में ही नहीं, बल्कि राजनीतिक विवादों में भी वेदान का नाम सामने आया है। मई 2025 में एक भाजपा नेता ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई थी, जिसमें वेदान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणियां करने और जातिवादी भावनाओं को भड़काने का आरोप लगाया गया था।

### भोजपुरी

## जय-रिंकू की फिल्म 'रेशम की डोर' में पारिवारिक रिश्तों की गहराई, पसंद आएगी दर्शकों को




भोजपुरी फिल्म 'रेशम की डोर' का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें जय यादव और रिंकू घोष लीड रोल में हैं। यह फिल्म पारिवारिक रिश्तों की गहराई और उनके महत्व को दिखाती है। ट्रेलर में इमोशन, ड्रामा और रिश्तों का संगम देखने को मिलता है। भोजपुरी फिल्मों में पारिवारिक कहानियों का अपना अलग ही मजा होता है। ऐसी ही एक नई भोजपुरी फिल्म का नाम है 'रेशम की डोर'। इसका ट्रेलर हाल ही में रिलीज हुआ है और इसे देखकर लगता है कि फिल्म में इमोशन, ड्रामा और रिश्तों का गहरा संगम देखने को मिलेगा। फिल्म में जय यादव और रिंकू घोष की जोड़ी नजर आ रही है, जो शुरुआत से ही ध्यान खींच लेती है। ट्रेलर की शुरुआत में ही पारिवारिक रिश्तों की गर्माहट और मजबूती महसूस होती है। कहानी में उतार-चढ़ाव, खुशियां और दर्द- सब कुछ एक साथ दिखाया गया है। ये साफ है कि फिल्म रिश्तों के महत्व और उन्हें निभाने की ताकत पर आधारित है। जय यादव और रिंकू घोष अपने दमदार अभिनय के लिए जाने जाते हैं और इस ट्रेलर में भी दोनों ने बेहतरीन काम किया है। उनकी एक्टिंग में प्यार, दर्द और संघर्ष- तीनों का मेल देखने को मिलता है। बाकी कलाकार भी कहानी में अच्छा रंग भरते नजर आते हैं। 'रेशम की डोर' का ट्रेलर सीधा दिल को छू लेने वाला है।

## खुशी का राज




न्यूयॉर्क फ़ैशन वीक में ब्रैंडन मैक्सवेल के शो के अंत में उनके मॉडल जिस अंदाज में मुस्कुरा रहे थे, वह चर्चा का विषय बन गया। दरअसल, मैक्सवेल ने उन्हें झिलमिलाते और चटख रंग के ऐसे कपड़े दिए थे जो खुशी और मस्ती का प्रतीक हों। ऐसे कैज़ुअल कपड़े जो पार्क या समुद्र तट पर बिताए दिन की याद दिलाते हों।

## अगर छोटी है आपकी आंखें तो ऐसे करें मेकअप, लोग देखेंगे



रोजाना की जिंदगी में महिलाएं मेकअप करना काफी पसंद करती हैं। अक्सर आपने देखा होगा कि छोटी आंख वाली महिलाएं मोटा-मोटा आई लाइनर लगा लेती हैं। उन्हें लगता है कि मोटा आई लाइनर लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं लेकिन हकीकत में ऐसा नहीं है। अगर आप अपनी आंखों को आकर्षित दिखाना चाहती हैं तो कोशिश करें यह विंग्ड आईलाइनर हो। मोटा आईलाइनर आपके लुक को खराब कर सकता है। अपने ड्रेसअप के हिसाब से ही विंग्ड आई लाइनर लगाएं। ऐसा माना जाता है कि काजल लगाने से आंखें बड़ी लगती हैं, पर अगर आप सही तरीके से काजल नहीं लगाएंगी तो आपका लुक खराब दिखेगा। इतना ही नहीं ऐसा करने से आपकी आंखें भी अजीब दिखेंगी। अगर आपकी आंखें छोटी हैं तो हमेशा वॉटर लाइन पर ही काजल लगाएं। इससे आपकी आंखें खूबसूरत लगेंगी। आंखों के मेकअप में मस्कारा का काफी अहम रोल होता है।

छोटी आंख वाली महिलाएं इसका इस्तेमाल करते वक्त ध्यान रखें कि आप कम मात्रा में ही मस्कारा का इस्तेमाल करें। इसके साथ ही बार-बार मस्कारा का कोट ना लगाएं, इससे पूरा लुक बिगड़ सकता है। अपना आई मेकअप शुरू करने से पहले आई बेस जरूर लगाएं। एक तो इसके इस्तेमाल से आपकी आंखें और ज्यादा खूबसूरत दिखेंगी और साथ में इसकी वजह से आपका मेकअप हाईलाइट होगा।

## ऑयली स्किन वाले गलती से भी ना करें इनका इस्तेमाल



हर किसी की स्किन काफी अलग होती है। किसी की त्वचा तैलीय होती है तो किसी की ड्राई। जिनकी स्किन ड्राई होती है उनके सामने ज्यादा परेशानी नहीं होती है पर, परेशानी उन लोगों के सामने आती है, जिनकी त्वचा ऑयली होती है। गर्मियों के मौसम में ऑयली स्किन वालों का चेहरा ऐसा लगता है मानों उन्होंने चेहरे पर काफी सारा तेल लगाया हो। गर्मियों में तैलीय त्वचा वाले लोगों पर पिंपल, ब्रेकाउट और बंद रोम छिद्रों का खतरा भी ज्यादा होता है।

इसी के चलते गर्मियों के मौसम में हर ऑयली स्किन वाले व्यक्ति को अपनी स्किन का खास ध्यान रखना पड़ता है। जिन लोगों की त्वचा तैलीय होती है, उनको कुछ चीजों से दूर ही रहना चाहिए ताकि उनका चेहरा भी गर्मी में ग्लो करे। आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे में जानना चाहिए, जिसे तैलीय त्वचा वाले लोगों को उपयोग नहीं करना चाहिए।

### नारियल तेल



अगर आपकी स्किन ऑयली है तो नारियल के तेल से दूर ही रहें। इसके इस्तेमाल से आपके चेहरे पर कील-मुहांसों की समस्या सामने आ सकती है। इतना ही नहीं, हो सकता है कि स्किन पर ब्लैकहेड्स भी हो जाएं।

### पेट्रोलियम जेली



अगर आपकी त्वचा ऑयली है तो जितना हो सके पेट्रोलियम जेली से दूर रहें। इसकी बजाय आप जेल बेस्ड प्रोडक्ट का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### मलाई

तैलीय त्वचा वाली लोगों को अपने चेहरे पर मलाई लगाने से भी बचना चाहिए। इसके इस्तेमाल से स्किन पर काफी नमी आती है। जिसकी जरूरत ऑयली स्किन वालों को नहीं होती।

### चावल का आटा

अगर ऑयली स्किन वाले लोग अपने चेहरे पर चावल के आटे का इस्तेमाल करेंगे तो हो सकता है कि उनके चेहरे पर पूरे चेहरे पर रेड रैशेज हो जाएं।

## पिगमेंटेशन हटाने करें घरेलू उपाय



जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे शरीर में कई तरह के बदलाव सामने आते हैं। उम्र बढ़ने के अलावा आजकल के खानपान, तनाव और यूवी किरणों की वजह से भी शरीर में कई तरह की परेशानियां सामने आती हैं। इन सबका सबसे ज्यादा असर चेहरे पर ही दिखाई देता है। इसी वजह से चेहरे पिगमेंटेशन, ब्लैक स्पॉट, पिंपल्स दिखाई देने लगते हैं। घरेलू नुस्खे या फिर दवाइयों की मदद से हम इन परेशानियों से तो छुटकारा पा लेते हैं लेकिन परेशानी तब सामने आती है जब ये दिक्कतें तो सही हो जाएं लेकिन इनके दाग चेहरे पर रह जाएं। इस पैक को बनाने के लिए आपको ज्यादा कुछ करने की जरूरत नहीं पड़ेगी। अगर आप ये पैक बनाने जा रही हैं तो सबसे पहले एक बाउल में दो चम्मच दही लेकर उसे फेंट लें। इसके बाद इसमें चावल का पाउडर मिलाकर उसमें मुल्तानी मिट्टी मिलाएं। एक चुटकी हल्दी, दो बूंद नींबू का रस और शहद मिलाकर इसका पेस्ट तैयार करें। बस आपका फैसपैक तैयार है। इसे आप आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं। जिसका साइडइफेक्ट नहीं होता।

### लगाने की विधि

इस फेसपैक को लगाने के लिए सबसे पहले अपने चेहरे को अच्छे से धो लें। अब किसी ब्रश की मदद से इस पेस्ट को चेहरे से लेकर गले और गर्दन में अच्छे से लगाएं।

पैक लगाने के बाद इसे तकरीबन 20 मिनट तक सूखने दें। जब से सही से सूख जाए तो चेहरे को सादे पानी से साफ करें। ध्यान रखें कि चेहरे को रगड़ें नहीं। चेहरा साफ करने के बाद कॉटन बॉल में कच्चा दूध लेकर चेहरे पर लगाएं। इस पैक को आप हफ्ते में 4 बार तक लगा सकते हैं।

## इस मौसम में अपनाए फैशन टिप्स

मुंबई। मानसून सीजन में सुहाने मौसम के साथ ग्लैमर लुक भी नजर आ जाए तो क्या ही बात है। जी हां, आज हम आपको कुछ ऐसे टिप्स देने वाले हैं, जो आपको मानसून के मौसम में बारिश में क्या पहने और क्या ना पहने के असमंजस से बाहर तो निकालेगा ही साथ ही आपको एक अलग और नया लुक भी देगा। दरअसल इस मौसम में सबसे बड़ी टेंशन होती है कि कौन से कपड़े आपके लिए कर्म्फेटबल होंगे साथ ग्लैमर भी दिखेंगे, तो आपकी इसी टेंशन को आज हम कम करने आए हैं। तो आइए जानते हैं कि मानसून के मौसम में आप किस तरह के फैशन को फॉलो कर सकती हैं।

### फ्लोरल प्रिंट लगेगा बेस्ट

मानसून के मौसम में फ्लोरल प्रिंट के कपड़े आपके लुक को और भी ज्यादा इनहांस करेंगे. ऐसे में आप फ्लोरल प्रिंट की साड़ी, सूट, कुर्ता या शर्ट आदि पहन सकती हैं।

### चटकीले कलर लगेंगे अच्छे

बरसात के मौसम में वाइब्रेंट कलर अच्छे लगते हैं. मानसून सीजन में आप पर पीले, लाल या फिर हरे रंग कपड़े बहुत अच्छे लगेंगे।



टाइट कपड़े पहनने से बचें

बारिश के मौसम में गलती से भी टाइट कपड़े ना पहने. इस मौसम हमेशा ही लूज कपड़ों को प्रीफ्रेंस दें।

### नायलॉन रहेगा सही

इस मौसम में कपड़े जल्दी नहीं सूखते हैं ऐसे में नायलॉन फैब्रिक का चुनाव करें. यह सूखने में काफी हल्के होते हैं. साथ ही दिखने में ये फैब्रिक काफी स्टाइलिश भी लगते हैं।

### स्कार्फ देगा आपको अलग लुक

मानसून के मौसम किसी भी ड्रेस पर स्कार्फ को जरूर कैरी करें. यह दिखने में तो अच्छे लगते ही हैं साथ ही साथ ही यह बारिश में भीग जाने के बाद कपड़ों की ट्रासपेरेंसी से भी आपको बचाते हैं।

### कार्नर न्यूज

#### मॉडल्स और डिजाइनर्स पर धनवर्षा हो रही है जमकर

## मॉडलिंग की दुनिया में चकाचौंध और करोड़ों की कमाई लेकिन मॉडल को सतर्क रहने की जरूरत

मॉडलिंग और डिजाइनिंग नए जमाने का जुनून है, जिसका जादू नई पीढ़ी के सिर चढ़कर बोल रहा है। इसमें सालाना कई-कई करोड़ की कमाई है। अमेरिकी फैशन वीक सालाना लगभग सौ करोड़ डॉलर का कारोबार कर रहा है तो भारत भी कुछ कम नहीं। खुदरा बाजार में भारतीय परिधान की हिस्सेदारी 56,000 करोड़ रुपए है तो भारतीय कपड़ा उद्योग 49 अरब डॉलर तक पहुंच चुका है।

प्रोडक्स के प्रमोशन में लगे मॉडल्स और डिजाइनर्स पर जमकर धनवर्षा हो रही है। सांकेतिक तस्वीर सांकेतिक तस्वीर आप दुनिया के टॉप-10 मॉडलों की कमाई पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि यह रोजगार अब कितना मायने रख रहा है और आज की पीढ़ी इस पर क्यों इतनी दीवानी हुई जा रही है। मॉडलों की एक तस्वीर या उनका विज्ञापन करोड़ों की सेल करवा देता है।

पूरी दुनिया में फैशन और मॉडलिंग का बुखार किस तरह नई पीढ़ी के सिर चढ़कर बोल रहा है, यह किसी से छिपा नहीं है। अमेरिका में फरवरी और सितंबर में होने वाला फैशन वीक हर साल लगभग सौ करोड़ डॉलर तक का कारोबार लाता है। डियोर जैसे बड़े नाम वाले फैशन हाउस डीलक्स छुट्टियों के लिए फैशन बनाते हैं। अमीरों के फैशन के लिए होने वाले फैशन शो भी लाजवाब होते हैं क्योंकि कुछ बेचने के लिए भावी खरीदारों का मनोरंजन भी जरूरी माना जाता है। हमारे देश में नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन टेक्नोलॉजी (दिल्ली) फैशन डिजाइनिंग का मशहूर कॉलेज है। यहां फैशन से संबंधित कई कोर्स चलाए जाते हैं। इसी मन-मिजाज को देखते हुए 'न्यूमेरिकल मॉडलिंग ऑफ वेदर एंड क्लाइमेट' के लिए नेशनल सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकॉस्टिंग, नोएडा हर साल जूनियर रिसर्च फेलो के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित करता है।




इच्छुक उम्मीदवार इस साल भी पहली जुलाई तक डाक से आवेदन कर सकते हैं। आज फैशन का जादू हमारे देशी बाजारों पर भी छाया हुआ है। आज के युवा फैशन इंडस्ट्री पर फिदा हैं। बाजार का अलग ताना-बाना है। खुदरा बाजार में भारतीय परिधान की हिस्सेदारी 56,000 करोड़ रुपए है। भारतीय कपड़ा उद्योग 49 अरब डॉलर का है। वैश्विक कपड़ा बाजार में भारत की हिस्सेदारी 3.5-4 फीसदी है जिसमें तेजी आने की पूरी संभावना है।

इन आँकड़ों से साफ है कि वैश्विक फैशन जगत में भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इसके अलावा अच्छे से अच्छे ब्रांड के कपड़े पहनना सबसे अच्छा तथा लेटेस्ट डिजाइन पहनना और हमेशा स्टाइलिश बनाना आज के युवा का शौक है, जिसे संभव करते हैं फैशन डिजाइनर।

यही कारण है कि पिछले कुछ सालों में फैशन डिजाइनिंग का कोर्स सबसे ज्यादा प्रचलित हुआ है। डिजाइनर अपने ग्राहक वर्ग की रुचि और जरूरत को समझकर अपने डिजाइन को मौसम और ट्रेंड के मुताबिक मार्केट में उतारता है। आज फैशन डिजाइनरों की बहुत मांग है।

यह रोजगार, करियर का एक अकूत कमाई वाला क्षेत्र बन चुका है। आप दुनिया के टॉप-10 मॉडलों की कमाई पर एक नजर डालें तो पता चलता है कि यह रोजगार अब कितना मायने रख रहा है और आज की पीढ़ी इस पर क्यों इतनी दीवानी हुई जा रही है। मॉडलों की एक तस्वीर या उनका विज्ञापन करोड़ों की सेल करवा देता है। मॉडल्स भी करोड़ों, अरबों के इस खेल में खुद मालामाल हैं।

